प्रिय नगर वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 310 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 04 नवम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।
क्रियायोग
हं क्षं
परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

घर-घर दस्तक, घर्म गुरुओं के संदेश...

## पीएम ने 40 जिलों के अधिकारियों को दिए टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के मंत्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उन 40 से अधिक जिलों के जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिन जिलों में कम संख्या में लोगों का टीकाकरण हुआ है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई इस बैठक में उन जिलों के अधिकारी शामिल हैं जहां पर 50 फीसदी से भी कम लोगों के टीके की पहली खुराक मिली है और दूसरी खुराक लगवाने वाले लोगों की संख्या भी जहां पर कम है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने टीकाकरण पर धर्मगुरुओं के संदेश को जनता तक पहुंचाने पर विशेष जोर देने के लिए कहा। इस दौरान पीएम मोदी ने अधिकारियों को कई मंत्र दिए। पीएम मोदी ने कहा, कोविड टीकाकरण के लिए स्थानीय स्तर पर रणनीति बनानी होगी। हर घर पर दस्तक देते समय, पहली डोज के साथ-साथ दूसरी डोज पर भी उतना ही ध्यान देना होगा।

टीकाकरण में महिला सहयोगियों की मदद ली जाए। टीकाकरण पर धर्मगुरुओं के संदेश को भी हमें जनता तक पहुंचाने पर विशेष जोर देना होगा।

बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा, आपकी मेहनत के कारण ही अब तक की प्रगति हुई है। प्रशासन के हर सदस्य, आशा कार्यकताओं ने बहुत काम किया, मीलों पैदल चलकर दूर-दराज के स्थानों पर टीकाकरण किया। लेकिन अगर हम 1 बिलियन के बाद ढीले हो जाते हैं, तो एक नया संकट आ सकता है। उन्होंने कहा, कभी भी बीमारी और दुश्मनों को कम करके नहीं आंकना चाहिए। उनका अंत तक मुकाबला करना है। इसलिए, मैं चाहता हूं कि हम थोड़ी सी भी ढिलाई न बरतें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 साल की इस सबसे बड़ी महामारी में देश को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण बात यह थी कि हमने नए उपाय खोजे, नए तरीकों का इस्तेमाल किया। आपको भी अपने क्षेत्रों में टीकाकरण बढ़ाने के लिए नवीन तरीकों पर अधिक काम करना होगा। पीएम मोदी ने आगे कहा, आपको यह याद रखना होगा कि जिन राज्यों ने वैक्सीन की 100% पहली खुराक देने का लक्ष्य हासिल कर लिया है, उन्हें भी कई क्षेत्रों में अलग-अलग चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भौगोलिक स्थिति, संसाधनों की चुनौतियां थीं लेकिन इन जिलों ने आगे बढ़ने के लिए उन चुनौतियों पर काबू पा लिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया कि ये 40 जिले झारखंड, मणिपुर, नगालैंड, अरूणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और मेघालय समेत अन्य राज्यों से हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी20 और सीओपी26 बैठकों में शामिल होकर विदेश से लौटने के तुरंत बाद यह बैठक कर रहे हैं। टीकाकरण के दायरे और रफ्तार दोनों बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में कहा था कि देश में 10.34 करोड़ से अधिक संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्होंने निर्धारित तारीख के बाद भी कोविड रोधी टीके की दूसरी खुराक नहीं ली है।


### पीओके में 500 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 22 की मौत, 8 यात्री घायल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां खाई में बस गिरने से 22 यात्रियों की मौत हो गई तो 8 गंभीर रूप से घायल हो गए। सुधनोती जिले में यह हादसा उस समय हुआ जब यात्री बस पंजाब प्रांत में जिले के बलोच इलाके से रावलपिंडी जा रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस में सभवतः कुछ तकनीकी दिक्कत आ गई थी, जिससे यह सड़ से 500 मीटर नीचे खाई में गिर गई। हादसे में महिलाएं और बच्चे सहित 22 लोगों की मौत हो गई। डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सड़क किनारे सामान बेचने वाले एक शख्स ने बस को गिरते हुए देखा और पास के गांव में मस्जिद के मौलवी को फोन पर जानकारी दी। इसके बाद मौलवी ने मस्जिद के लाउडस्पीकर से गांववालों को हादसे की जानकारी दी और घटनास्थल की ओर दौड़ने की अपील की। पीओके पहाड़ी और दुर्गम रास्तों वाला इलाका है। चालकों की लापरवाही और वाहनों में खामियों की वजह से यहां अक्सर सड़क हादसे होते हैं।




अयोध्या में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

## 12 लाख दीयों से जगमग हुई राम की नगरी



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। इस दौरान आज रामपैड़ी के 32 घाटों पर 9 लाख और अयोध्या के बाकी हिस्सों में 3 लाख दीये जलाए गए। इस आयोजन को देखने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक टीम भी अयोध्या पहुंच गई है। विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए मिट्टी के एक दीए को कम से कम पांच मिनट तक जलाना होगा। भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के लिए प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच चुके हैं। दीपोत्सव के मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी हैं।दीपोत्सव समारोह में भाग लेने अयोध्या पहुंचे सीएम योगी ने कहा, आज हमने नौ लाख मिट्टी के दीये जलाए हैं। मैं इस दीपोत्सव कार्यक्रम पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई देना चाहता हूं। 12 लाख दीयों से जगमग हुई राम की नगरी। राम की पैड़ी में 9 लाख, राम मंदिर में 51 हजार और बाकी हिस्सों में 2.5 लाख दीये जलाए गए। अयोध्या में दीपोत्सव समारोह के कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी ने कहा, पहले प्रदेश सरकार कब्रिस्तान की सीमाओं पर पैसा खर्च करती थी, लेकिन अब मंदिरों के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण पर पैसा खर्च किया जाता है... राम मंदिर निर्माण 2023 तक पूरा हो जाएगा।

दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या की तैयारियों को देखकर सीएम योगी ने कहा, अगले कारसेवकों पर भगवान राम और भगवान कृष्ण के भक्तों पर गोलियों की नहीं बल्कि फूलों की वर्षा की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने कहा कि 12 लाख दीयों को जलाकर दीपमाला पूरे जगत को प्रकाशित कर रही है, ये केवल एक विश्व रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि पूरे विश्व को भगवान राम की मयार्दा का संदेश है। उन्होंने आगे कहा कि 2030 तक अयोध्या दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक पर्यटन नगरी होगी। सरकार का अनुमान है कि 10 साल के बाद अयोध्या में सालाना आने वाले पर्यटकों की संख्या 5 करोड़ होगी। दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान अयोध्या पहुंचे केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने कहा जब भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे तो उनके स्वागत ?में दीपोत्सव का आयोजन हुआ था।

### सच को देर तक बंधक नहीं बना सकते, आर्यन के जेल जाने पर राहुल ने शाहरुख खान को लिखा था लेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रूज ड्रग्स केस में आर्यन खान के जेल जाने के बाद जहां एक तरफ कुछ लोगों ने शाहरुख खान की आलोचना की तो बॉलिवुड से राजनीतिक क्षेत्र के कई लागों ने खुलकर उनको सपोर्ट भी किया। इस बीच सामने आया है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी बॉलिवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान को लेटर लिखा था। शाहरुख और उनकी पत्नी गौरी के नाम लिखे गए इस खत में कांग्रेस सांसद ने कहा था कि सच्चाई को अधिक समय तक बंधक नहीं बनाया जा सकता है। यह खत 14 अक्टूबर को लिखा गया था जब आर्यन खान ऑर्थर रोड जेल में बंद थे। राहुल गांधी ने लेटर में लिखा कि अपने किसी अजीज को इस तरह की स्थिति में देखना आसान नहीं है। राहुल ने आगे लिखा, मैं जानता हूं कि आप दयालु हैं और समाज में आपने यश कमाया है। इसलिए मैं आपके परिवार के लिए इतना व्यापक समर्थन देख पा रहा हूं।









**खबर संक्षेप**

## डीएलएड 2018 तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम जारी

**प्रयागराज।** सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से बुधवार को डीएलएड 2017 प्रथम, थर्ड सेमेस्टर (बैक), डीएलएड 2018 (बैक) प्रथम और तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया है। डीएलएड 2017 प्रथम सेमेस्टेर (बैक) परीक्षा में कुल 220 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें 202 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 15 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण है। डीएलएड 2017 थर्ड सेमेस्टेर (बैक) में कुल 8060 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 5824 अभ्यर्थी उत्तीण हैं, जबकि 2220 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हैं।

डीएलएड 2018 प्रथम सेमेस्टर (बैक) में कुल 10969 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें 8286 अभ्यर्थी सफल हुए हैं, जबकि 2666 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हैं। डीएलएड 2018 थर्ड सेमेस्टेर (बैक) में कुल 33793 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। 21969 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हैं, जबकि 11785 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हैं।

# हाईकोर्ट के न्यायाधीश की पत्नी से 50 हजार की धोखाधड़ी

### सिविल लाइंस थाने में तीन के खिलाफ केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज की पत्नी से 50 हजार की धोखाधड़ी की गई। घरेलू कर्मचारी के नाम पर उनसे रकम ऐंठ ली गई। फिलहाल शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर सिविल लाइंस पुलिस जांच में जुट गई है। आरोप है कि जज की पत्नी ने दिल्ली की इंदिरा मेड सर्विस से घरेलू कर्मचारी के लिए बात की। एजेंसी की ओर से उन्हें नौकरानी की तस्वीर भेजी गई। बात फाइनल होने के बाद 13 अक्टूबर को दो महिलाएं उनके घर पहुंचीं। इसमें से एक महिला उनके घर पर काम करने के लिए रुक गई जबकि एग्रीमेंट के आधार पर 20 हजार रुपये लेकर दूसरी महिला चली गई।

शेष 29,500 रुपये दो दिन बाद ऑनलाइन पेमेंट के जरिए दिए गए। कुछ देर बाद दवा खरीदने के बहाने नौकरानी बाहर गई और फिर नहीं लौटी। संपर्क करने की कोशिश की गई तो एजेंसी से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद जज के बेटे की ओर से सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके आधार पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## बिहार से आए बदमाशों अधिवक्ता से लूटे थे तीन लाख रुपये, बाइक पर लगा रखी थी फर्जी नंबर प्लेट

**प्रयागराज।** मम्फोर्डगंज में अधिवक्ता प्रशांत द्विवेदी (30) से दिनदहाड़े तीन लाख रुपये की लूट बिहार से आए बदमाशों ने की थी। वारदात में कुल चार बदमाश शामिल थे जो एक दिन पहले ही शहर में आकर शाहगंज स्थित होटल में रुके और अगले दिन वारदात को अंजाम दिलाकर निकल भागे। पुलिस का कहना है कि बदमाशों को चिह्नित कर लिया गया है और अब उनकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं। मूल रूप से थरवई स्थित जयंतीपुर निवासी अधिवक्ता से एक नवंबर को उस वक्त लूट हुई थी, जब वह बाइक से घर लौट रहे थे। घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो अहम बातें सामने आईं। पता चला कि वारदात में कुल चार बदमाश शामिल थे जो दो अलग-अलग बाइकों पर सवार थे। वारदात के वक्त यह आगे-पीछे चल रहे थे। इसके बाद सभी बाइक से रोडवेज बस अडडे के पास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने एक साथी को रुपयों भरा बैग देकर लखनऊ जाने वाली बस में बैठा दिया। जबकि अन्य तीनों शाहगंज स्थित गुरुकृपा होटल में पहुंचे जहां वह एक दिन पहले ही आकर ठहरे थे। यहां से उन्होंने अपना सामान लिया और फिर बाइक से ही भाग निकले। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बदमाशों को चिह्नित कर लिया गया है। उनकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

### बाइक पर लगा रखी थी फर्जी नंबर प्लेट

एसपी सिटी ने बताया कि जांच पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि बदमाशों ने वारदात से पहले बाइक का नंबर भी बदल दिया था। एक बाइक पर ट्रक का नंबर लिखा हुआ था जबकि दूसरी बाइक पर धूमनगंज में रहने वाले व्यक्ति की बाइक की नंबर प्लेट लगी थी। इस व्यक्ति से संपर्क करने पर पता चला कि यह बाइक चोरी हो चुकी है।

## आरटीआई : सूचना न देने पर वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा पर 25 हजार का जुमार्ना

**प्रयागराज।** शिक्षक के जन सूचना अधिकार के तहत मांगी सूचना का जवाब न देने पर वित्त नियंत्रक पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जिले में तैनात शिक्षक ब्रजेंद्र सिंह ने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कार्यरत परिचारकों के लिए एसीपी की व्यवस्था संबंधी और शिक्षकों को मूल वेतन संबंधी नौ जून 2014 के आदेश में उल्लेख किए गए संगठनों के सहमति संबंधी दस्तावेज की प्रति उपलब्ध न कराने के कारण वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।वादी ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि 10 फरवरी 2021 को जुमार्ना हुआ था लेकिन वादी ने प्रदेश स्तर का कार्यालय होने के नाते एक और मौका दिया जाने की मांग की थी। उनका कहना था कि उद्देश्य जुमार्ना नहीं बल्कि शासनादेश व प्रपत्र है प्राप्त करना है। इस आयोग ने चार अगस्त की तारीख नियत कर उस दिन तक सूचना न देने पर विभागीय कार्रवाई का आदेश पारित किया था। लेकिन चार अगस्त को सुनवाई में उपस्थित न होने और सूचना न देने पर पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना करते हुए विभागीय कार्रवाई का आदेश सूचना ने दिया था। इसकी सूचना शिक्षक ब्रजेंद्र सिंह को बुधवार को मिली।



चौपाल कार्यक्रम में सम्मानित करते सपा प्रदेश महासचिव राजनारायण बिंद

## सपा में हर वर्ग का सम्मान : राजनारायण बिंद

**प्रतापपुर।** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने सदा अति पिछड़ों को आगे बढ़ाने का काम किया है।इन छोटे समूहों में से बड़े नेता बनाये है।आज वही काम सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कर रहे है।उनके नेतृत्व मे समाज के हर वर्ग का सम्मान सुरक्षित है।इसलिए हम सभी अति पिछड़ों को सपा के झंडे तले आ जाना है यही समय का तकाजा भी है।उक्त बाते क्षेत्र के लतीफपुर गाँव में बिंद समाज की चौपाल को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सपा के प्रमुख प्रदेश महासचिव राजनरायण बिंद ने कही।विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव श्याम लाल पाल ने कहा कि सपा ने अपने कार्यकाल में मझवारा जातियों की बेहतरी के लिये काफी कार्य किये है।वह समाज के जेहन में है।विधायक हाकिम लाल बिंद ने कहा कि प्रदेश की जनता ने आगामी चुनाव में सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है।हम सभी को पार्टी की नीतियो को जन जन तक पहुँचाना है।पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद,पूर्व प्रदेश सचिव डा.बीपी बिंद ने कहा कि भाजपा की सरकार में सिर्फ अराजकता और भ्रष्टाचार का बोलबाला है।संचालन अनूप बिंद व धन्यवाद ज्ञापन संदीप बिंद ने किया।वक्ताओं ने सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।मौके पर डा.विनोद बिंद, हरिश्चन्द्र पाल, रंगीलाल सरपंच, रमेश बिंद, राकेश यादव, राजपति बिंद राम सागर बिंद, राजेश कुमार बिंद, रामसिंह बिंद, बलराम रामकैलाश, रणविजय, रामअजोर, रामनिरंजन,भानूप्रताप अशोक अंजान सन्त लाल, आदि मौजूद रहे।

## सीता हरण देख रुआंसे हुए रामलीला दर्शक

**कौशाम्बी।** उदहिन बाजार में चल रही दस दिवसीय रामलीला के आठवें दिन सीताहरण की लीला दिखाई गई। मामा मारीच के सोने के हिरण बनके जंगल की ओर भागने और भगवान राम के हाथों मारे जाने के पूर्व हे सीते.. हे सीते..कहने से माता सीता को यह आभास हुआ कि भगवान राम संकट में है। उन्होंने लक्ष्मण जी को राम जी की सहायता के लिए जंगल जाने को कहा। लक्ष्मण जी के मना करने पर माता सीता ने आदेश दिया कि लक्ष्मण जी रामजी की सहायता के अवश्य जंगल में जाएं। जाते - जाते लक्ष्मण जी कुटिया में लक्ष्मण रेखा खींच के गए और माता सीता से कहा कि जब तक हम नहीं आए, आप इस लक्ष्मण रेखा को पार मत करिएगा। लक्ष्मण जी के जाते ही कुटिया में साधु के भेष में लंकापति राजा रावण आया और माता सीता से भीक्षा मांगा। सीताजी लक्ष्मण रेखा के अंदर से भीख देने लगी। इसपर रावण ने भिक्षा लेने से मना कर दिया और कहा कि जब तक आप इस लक्ष्मण रेखा को पार कर बाहर आकर भिक्षा नहीं देंगी, हम भिक्षा नहीं लेंगे। जैसे ही माता सीता लक्ष्मण रेखा पार कर बाहर आईं, रावण ने सीता जी का हरण कर लिया। माता सीता जी हे राम.. हे राम कहकर विलाप करने लगीं। रावण सीता जी का हरण कर जैसे ही लंका की ओर चल दिया, माता सीता जोर जोर से विलाप करने लगीं और रामलीला पंडाल परिसर मे मौजूद रहे सभी भक्त रुआंसे हो गए।



करछना के नये खंड विकास अधिकारी निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते

# खंड विकास अधिकारी नें ब्लाक परिसर का किया निरीक्षण रख रखाव का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विकास खंड करछना के नवांगतुक खंड विकास अधिकारी राम विलास राय नें करछना ब्लाक में पद भार ग्रहण के बाद सभी ब्लाक कर्मियों की बैठक कर विकास खंड के ग्राम पंचायतों में कराएं जाने वाले विकास कार्यो में गति बढाने पर जोर देते हुए पंचायत सचिवो, रोजगार सेवकों को दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में पारदर्शिता के साथ करने पर बल दिया । उन्होंने गांवो में आवास, शौचालयों पर बिशेष बल देते हुए कर्मियों को निर्देश दिए इसके अलावा उन्होंने नें ब्लाक परिसर में बने भवनों तथा उसमें रख रखाव का निरीक्षण किया, उस दौरान खुले आसमान में रख्खी मतदान पेटिका को सुरक्षित रखने के लिए ब्लाक कर्मियों को निर्देश दिए इस मौके पर पंचायत एडीओ विवेक कुमार मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी करछना रामेश्वर सिंह, सचिव संजीव श्रीवास्तव अतुल मिश्रा, अल्प नारायण सिंह, मनीष शुक्ला, रमा शंकर यादव, संदीप कुमार यादव प्रधान खजुरौल सहित बड़ी संख्या ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

# भीटा पहाड़ी पर सजने लगा झूला मौत का कुंआ सहित अन्य दुकानें

### भैया दूज के दिन भीटा पहाड़ी पर लगता है दो दिवसीय मेला हजारो श्रद्धालु सुजावन देव यमुना घाट पर करते हैं स्नान

अखंड भारत संदेश



घूरपुर के भीटा मे लगने वाले मेले की तैयारी करते लोग

**घूरपुर।** यमुनापार के घूरपुर इलाके के भीटा सुजावन देव पर भैया दूज का एतिहासिक दो दिवसीय मेले की तैयारी अभी से ही शुरू हो गई है। कई जनपदों के भारी संख्या मे दुकानदर दो दिन पूर्व से ही डट गए है। झूला, मौत का कुंआ, डांस थियेटर आदि सजाए जा रहे हैं। वहीं सुजावन देव मंदिर का रंग रोचन कर सजाया जा रहा है। बता दें कि दीपावली के दिन चित्रकूट स्थित कामता नाथ पर भारी संख्या मे लोग दीपक जलाकर सुजावन देव यमुना घाट पर रुकते हैं और भैया दूज के दिन यमुना स्नान कर सुजावन देव मंदिर स्थित भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मेले में गृहस्थी का सामान खरीदने के बाद वापस घर जाते हैं। मान्यता है कि भैया दूज के दिन सुजावन देव यमुना घाट पर यमराज देव अपनी बहन यमुना से मिलने आते हैं। बहन यमुना के आतिथ्य सत्कार से प्रसन्न होकर यमराज बहन यमुना से वरदान मांगने को कहते हैं। बहन यमुना ने जन कल्याण के लिए भाई यमराज से यह वरदान मांगा कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करेगा वह आपके बंधन से मुक्त होगा और उसको मोक्ष की प्राप्ति होगी। यमराज ने तथास्तु कह यह वरदान दिया था। तभी से सुजावन यमुना घाट पर हजारों श्रद्धालु स्नान करते हैं।

## दस दिवसीय रामलीला का हुआ समापन

**कौशाम्बी।** उदहिन बुजुर्ग में चल रहे दस दिवसीय रामलीला के अंतिम दिन भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन हो गया। साथ ही दो दिवसीय दशहरा मेला का भी सफल आयोजन रामलीला के साथ ही समापन हो गया। तमाम भक्तो ने भगवान राम की जय जयकार की। इसके बाद भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी अयोध्या पूरी वापस आए। अयोध्या में भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ। इसी तरह उदहिन बुजुर्ग बाजार में रात्रिकालीन दो दिवसीय दशहरा मेला के अंतिम दिन सुंदर चौकियां एवं झांकियां निकाली गई। मेले में झूला, जवाबी डी जे एवं लाइट की सुंदर सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। आयोजक अजय सोनी ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ अरविंद मौर्य, डॉ राजेंद्र प्रसाद, बृजेन्द्र तिवारी, कल्लू केसरवानी, बिनोद सोनी, शिवम सोनी, जीतू केसरवानी, रामबाबू सोनकर, जुम्मन अली, शफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# प्रतापपुर के खखैचा में सनातन धर्म की जागरूकता के लिए हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर।प्रतापपुर के ग्राम पंचायत खखैचा में मां भगवती वैदिक शिक्षण शोध जनसेवा संस्थान के तत्वावधान में सनातन धर्म की जागरूकता के लिए धर्म सभा आयोजित की गई। जिसमें संस्था के द्वारा पूर्व में दिए गए सुझाव के विषय में सबको अवगत कराया गया।इस अवसर पर संस्था के महामंत्री आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक ने बताया कि जिस तरह पूरे विश्व में बच्चों में ये विश्वास पैदा किया गया कि क्रिसमस-डे पर सांता क्लॉज आता है और उपहार देता है। जिससे भारतीय बच्चे भी अछूते नहीं रहे।उसी तरह हम सनातन धर्मावलंबी हिन्दूओं को मिलकर हमारे घरों में ये विश्वास दिलाने का अभियान चलाया जाय कि ₹दीपावली₹ सहित सभी त्योहारों की रात को त्योहारों से संबंधित देवता अर्थात लक्ष्मी जी एवं भगवान जी हमारे घर आते हैं और हम सबको समृद्धि का आशीर्वाद देकर जाते हैं।इस पंच दिवसीय दिपावली पर्व से बच्चों को ये बताया जाए ये शिक्षा दी जाए समझाया जाए कि लक्ष्मी जी धन तेरस को एवं दीपावली की रात को हमारे घर आएंगी और उनके लिए कुछ धन, मिठाई और खिलौने छोड़कर जाएंगी।और जब वह सुबह उठें तो उन्हे अपने बिस्तर के निकट भगवान एवं लक्ष्मी जी द्वारा छोड़े गए धन, मिठाई और खिलौने मिलें।इस अवसर केशव प्रसाद मिश्र, विवेक उपाध्याय, ब्रह्मप्रसाद मिश्र भुल्लन, चंद्रशेखर दुबे, त्रिभुवन दुबे, राजेन्द्र दुबे, अर्पित उपाध्याय, बब्बन मिश्र, ब्रह्मप्रसाद मिश्र, राधेश्याम मिश्र, शिवशंकर दुबे, के.एल. शास्त्री, प.संगम तिवारी, अभिनव द्विवेदी, विनीत मिश्र, दीलीप दुबे, अभिषेक उपाध्याय, शिवकुमार गुप्ता कोटेदार उमाशंकर विन्द, नाटे शर्मा, डा.विनोद विन्द, कमलेश गुप्ता, राजेन्द्र भारतिया आदि ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# एसपी व एसडीएम ने सुजावन देव घाट पर लगने वाले मेले का किया निरीक्षण



सुजावन देव यमुना घाट पर निरीक्षण करते अधिकारी

**घूरपुर।** सुजावन देव घाट पर भैया दूज के दिन लगने वाले मेले की अव्यवस्था की सूचना पर बुधवार के दिन एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित,एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी ,सीओ करछना राजेश कुमार यादव सुजावन देव घाट पहुंच निरीक्षण किया । इस बीच लोगों से मेले के बारे में विस्तार से दोनो अफसरों ने जानकारी ली। लोगों ने घाट पर फैले कीचड़ और महिलाओं के स्नान के बाद कपड़े बदलने की व्यवस्था की मांग की ।साथ ही कुछ लोगों ने अराजकतत्वों द्वारा मेले में आये दुकानदारों से अवैध वसूली किये जाने की योजना की शिकायत की ।जिस पर अधिकारियों ने कहा कि मेले में किसी प्रकार की वसूली की शिकायत सुनाई पड़ी तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । इस बार का मेला शुक्रवार से लेकर रविवार तक रहेगा ।एसडीएम ने कहा कि अवैध रूप से कोई वसूली नहीं होगी । मेले की व्यवस्था के लिए पीने के पानी ,घाट पर महिलाओं की सुरक्षा व कपड़े बदलने की व्यवस्था के लिए बात की जाएगी । एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने आश्व्वस्त किया कि मेंले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स तैनात रहेगी।

# कार्रवाई न होने पर नाराज भाजपाइयों व प्रधानो ने घूरपुर थाना का किया घेराव

अखंड भारत संदेश

### भाजपा के सेक्टर संयोजक के घर में घुस कर दबंगों ने की थी मारपीट

**घूरपुर।** भाजपा सेक्टर संयोजक के घर में घुस कर परिजनों से मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के खिलाफ घूरपुर पुलिस एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज दर्जनों भाजपाई और प्रधानो ने बुधवार की सुबह घूरपुर थाने का घेराव किया तो पुलिस सकते मे आ गई। कार्रवाई किए जाने के आश्वासन पर लोग वापस हुए। घूरपुर क्षेत्र के पालपुर गांव निवासी नियाज अहमद चाका मंडल के भाजपा सेक्टर संयोजक है। और प्रधान पति भी है। एक पखवाड़े पूर्व गांव के ही कुछ लोग उनके घर के पीछे जुआ खेलवा रहे थे। मना करने पर विवाद हो गया था।28 अक्टूबर की सुबह नियाज अहमद लखनऊ गए थे। उनके घर में उनका छोटा बेटा अताउर रहमान और भाई जुबैर अहमद तथा महिलाये घर में मौजूद थे। भाजपा नेता के घर पर न रहने का मौका देख आरोपियों ने धारदार हथियार लेकर28 अक्टूबर की सुबह ही घर में घुस हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया था। शिकायती पत्र पर पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं कि जिससे मनबढ़ आरोपी लगातार धमकी दे रहे थे। नियाज ने इस बीच कई बार कार्रवाई को थाने का चक्कर लगाए लेकिन नतीजा सिफर रहा। बुधवार की सुबह चाका भाजपा मंडल अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह व चाका प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र पथिक के अगुवाई में दर्जनों नाराज भाजपाई और प्रधानो ने थाने का घेराव कर लिए।तो पुलिस सकते में आ गई। मौजुद एसओ राकेश राय ने भाजपाइयों को समझाते हुए कहा कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने को आश्वस्त कर लोगों को शांत किया। तब जाकर भाजापई थाने से वापस हुए। थाना घेराव मे चाका भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमृत लाल भारतीय, महामंत्री अभिषेक सिंह, अमित सिंह, शिव करन पटेल राकेश कुमार, चाका प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र पथिक सहित दर्जनों भाजपाई और प्रधान शामिल रहे।

# न्यूज झरोखा

## दिवंगत कोरोना योद्धाओ एवम राष्ट्रभक्तों के स्मृति मे करें दीप प्रज्ज्वलन



**जसरा।** समाज एवम राष्ट्र मे काफी अहम बदलाव सम्भव हैं बशर्ते देश का हर नागरिक अपने मूल अधिकार के साथ नैतिक कर्तव्यों का पालन करें। देश के चहुमुखी विकास हेतु देश के छात्रों, नौजवानों एवम किसानों को आगे आकर हर सकारात्मक पहलू को समाज मे कायम करें उक्त बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र ने सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज मे आयोजित एक सामाजिक परिचर्चा मे बतौर मुख्य वक्ता बोल रहें थे इस अवसर पर श्री पटेल ने 51बेटियों को पौधा, पेन एवम अन्य पाठय सामग्री उपहार स्वरूप भेटकर सम्मानित भी किये। स्थानीय उत्पादों एवम उनके खरीदारी की प्रेरणा के साथ ही उनसे होनें वाले विभिन्न लाभों का भी वर्णन किया गया।उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य शिव रतन सिंह ने पटाखों एवम पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले अन्य वस्तुओं के नुकसान पर अनुभव साझा करते हुए कोरोना योद्धाओं एवम शहीद राष्ट्र भक्तों के सम्मान मे एक एक दीप प्रज्जवलित करने के लिए भी प्रेरित किये। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सहित भारी संख्या मे छात्र /छात्राएं मौजूद रहें। कार्यक्रम के समापन मे तुलसी, पीपल, आम, अशोक, कदम आदि पौधे छात्रों मे वितरण के साथ विद्यालय परिसर मे रोपे भी गये गये।

## चोरों ने धनतेरस की रात एक घर से खगाल ले गये लाखों



**करछना।** थाना क्षेत्र के सेमरी तालुका पुरवा बनका गांव में रात चोरो ने कुन्डी काट कर घर के अंदर आलमारी में रखा सोने चांदी व नगद 15000 किया पार जानकारी के अनुसार बनका गांव निवासी बैजनाथ सिंह के घर में आज रात चोरों ने दरवाजा काटकर आलमारी में रखा सामान उठा ले गए जिसकी जानकारी सुबह घरवालों को हुई तो जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे एस आई विनीत यादव ने घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी ली वहीं बैजनाथ सिंह ने बताया कि आलमारी में रखा तीन सोने की जंजीर ,चार पायल , दो सोने की लाकेट , एक पेटी करधन , एक नथिया , माथ बेदी , दो छागड , एक अंगुठी, 15000 नगद उठा ले गए ।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर धर पकड तेज कर दिया ।

### मानव सामाजिक सेवा संस्थान में टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रतापपुर।** मानव सामाजिक सेवा संस्थान कंप्यूटर सेंटर मोहिद्दीनपुर में टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें प्रतिभागी बच्चों ने भाग लिया। फर्स्ट रैंक में साइकिल, सेकंड रैंक में स्मार्ट वॉच, थर्ड वर्ल्ड रैंक में स्मार्ट घड़ी प्रतिभागियों को दिया गया। जिसमें सभी छात्र उपस्थित रहे कोचिंग संचालक विजय मौर्य द्वारा आयोजित टैलेंट प्रतियोगिता मोहद्दीनपुर मानव सामाजिक सेवा संस्थान जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अख्तर मसूद, अशोक कुशवाहा पाइपलाइन इंजीनियर, अनुराग ठाकुर युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य, आलोक कुमार, अनिल कुमार, सुनील कुमार, विशाल यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ग्रामपंचायत लोटाढ़ में उल्टी दस्त और ऐठन से दर्जनों लोग बीमार



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के गांव लोटाढ़ में उल्टी दस्त एवं ऐठन से दर्जनों लोगों पीड़ित है। कई लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है तो कई लोग घर से ही इलाज करवा रहे हैं। यह बीमारी गांव में बढ़ती जा रही है जिससे गांव के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। समाजसेवी राय साहब यादव ने बताया कि गांव के इस रहस्य में गंभीर बीमारी से गांव के लोग दहशत में है। समाजसेवी राय साहब यादव ने इस गंभीर बीमारी की जानकारी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र मेजा के अधीक्षक ओमप्रकाश को दी गई वहीं अधीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से टीम बेहतर इलाज का आश्वासन दिया लेकिन आश्वासन के बाद भी कोई स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं दिया गया सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। समय रहते जिला प्रशासन इस गंभीर बीमारी पर ध्यान नहीं दिया गया तो बहुत विकट समस्या उत्पन्न हो सकती है।

## मेजा पुलिस ने पहल कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को दिए मिठाई के पैकेट



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में धनतेरस के दिन मेजा पुलिस ने बाजार में जरूरतमंदों को मिठाई के पैकेट दिए जिससे बाजार में मौजूद लोगों ने पुलिस के कार्यों की लोगों ने सराहना की। बता दे की "पहल" कर्यक्रम के तहत जरूरतमंदो सेवा क्रम थाना प्रभारी मेजा अरुण कुमार चतुवेर्दी के नेतृत्व में दरोगा दिनेश कुमार यादव पुलिस चौकी जेवनिया के द्वारा मंगलवार धनतेरस के दिन चौकी परिक्षेत्र के सोनार का तारा बाजार में जरूरतमंदों को धनतेरस में मिठाई वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। वहीं पुलिस के इस मानवीय कार्य से बाजार वासियों ने सराहना किया।

### ब्लॉक प्रमुख ने भाजपाईयों को किया सम्मानित



**जंघई।** अनुवां गाँव में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी विनोद पांडेय के निवास पर दीपावली के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह द्वारा प्रतापपुर के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को मिष्ठान एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर राकेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष जंघई प्रवीण तोगड़िया, अशोक पांडेय, मंडल महामंत्री कुशलेश दुबे, आशुतोष पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### थानेदार ने दीवाली की पूर्व संध्या पर गरीब बच्चों संग मनाई दिवाली, भेंट किए उपहार

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे दलबल के साथ बुधवार शाम को छोटी दीवाली एवं दिवाली की पूर्व संध्या पर उक्त थाना क्षेत्र से संबंधित क्षेत्रों में रहने वाले गरीब बच्चों को उपहार भेंट कर दिवाली मनाई। साथ ही बच्चों को फुलझड़ी व मिठाई इत्यादि भेंट कर उनका सम्मान किया गया। वहीं बच्चे उपहार पाकर खिलखिलाते रहे। इतना ही नहीं उक्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत महुहारी ग्राम सभा के अंतर्गत प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे के निकट झोपड़पट्टी में रहने वाले गरीब परिजनों को भी थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे ने दलबल के साथ दिवाली से संबंधित उपहार व खाद्य सामग्रियों को देकर उनके साथ दिवाली मनाई। इस प्रकार के कार्य से क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे के द्वारा किए गए अनूठी पहल का स्वागत किया।

### दो दिन प्रयागराज में रहेंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य दो दिन प्रयागराज में रहेंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 5 और 6 नवंबर को प्रयागराज में रहेंगे। यहां कार्यकताओं से मुलाकात कर दिवाली की शुभकामनाएं देंगे। इस दौरान पांच नवंबर की सुबह नौ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आदि शंकराचार्य महादेव की प्रतिमा केदारनाथ धाम पर स्थापित किए जाने के अवसर पर वह कीडगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन करेंगे। कुछ अन्य स्थानीय कार्यक्रम में भी वह शिरकत करेंगे।

# छात्रों ने बेरोजगार दीपोत्सव के रूप में मनाई छोटी दिवाली, सजाए दीपक और झालर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर संयुक्त बेरोजगार संघर्ष समिति ने झालरों से बेरोजगार दीपोत्सव लिखकर छोटी दिवाली को बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। छात्रों ने झालरों और दीपक से बेरोजगार दीपोत्सव लिखा। कहा कि सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने में असफल साबित हो रही है। लाखों पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार विज्ञापन जारी नहीं कर रही है। इसके खिलाफ अनवरत धरना प्रदर्शन चल रहा है, बावजूद इसके सरकार ने अभी तक बेरोजगारों के लिए कुछ नहीं किया है। इसके चलते छात्र छोटी दिवाली को बेरोजगार दिवस के रूप में मनाने के लिए बाध्य हैं।



विश्वविद्यालय छात्र संघ भवन पर छात्रों ने झालर व दीपों से लिखा बेरोजगारी दिवस



साधकों को क्रियायोग ध्यान की शिक्षा देते स्वामी श्री योगी सत्यम

## मानव जीवन का लक्ष्य सत्य व अहिंसा की अनुभूति करना : स्वामी श्री योगी सत्यम

प्रयागराज। क्रियायोग अनुसंधान संस्थान में बुधवार को प्रतिदिन की रिचार्जिंग क्रिया के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने धनतेरस, दीपावली पर्व पर आए हुए समस्त साधकों को धनतेरस के महत्व को बड़े ही सरल तरीके से समझाया तथा यह भी बताया कि मानव जीवन का लक्ष्य सत्य व अहिंसा की अनुभूति करना है। इस अनुभूति में समय व दूरी का अभाव होता है, यही योग की अवस्था है। क्रियायोग के अभ्यास से एक ही जन्म में योग की अवस्था प्राप्त हो जाती है। योग की अवस्था के स्वरूप में चौदह भुवन का दर्शन होता है, जिसकी उत्पत्ति धन ( निराकार सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी चैतन्य अस्तित्व ) से है। तेरहवें भुवन के धन को धनतेरस कहते हैं , इसे अनन्त धैर्य व आत्म प्रेम संतृप्त विनम्रता कहते हैं, और इसे छठें स्वर्ग की अलौकिक शक्ति कहते हैं। यह अनुभव होने के पश्चात ही हम चौदहवें भुवन ( सत्य लोक / सातवां स्वर्ग ) में हम प्रवेश कर सकते हैं। सत्य लोक में प्रवेश करने पर हम कैवल्य अवस्था प्राप्त करते हैं, यही मानव जीवन का लक्ष्य है।

# यमुनापार के भाजपाईयों ने फूंका अखिलेश सिंह यादव का पुतला

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के नेतृत्व मे सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव का कोहणार बाजार के तिराहा मे पुतला फूकते हुए भारत माता की जय,बन्देमातरम्, देश के महापुरूषो का अपमान नही सहेगा हिन्दूस्तान आदि के गगनभेदी नारो के साथ बुध्दी सुध्दी हेतू अखिलेश के गालो मे थप्पड़ भी जडे. गए उसके बाद पुतला दहन किया।जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा देश के महापुरूषो की तुलना देश के विभाजन करने वाले से करके देश का व करोड़ों राष्ट्र भक्तों का अपमान किया है अखिलेश सिंह यादव ने, जिसके लिए प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। प्रदेश ने अभी तक रामभक्तो के ऊपर गोली चलाने वाले को नही भूली। फिर देश का विभाजन करने वाले जिन्ना का देश के महापुरूषो से तुलना करने वाले मंदबुध्दी अखिलेश को कैसे जनता माफ करेगी। पुतला दहन मे पुष्पराज सिंह पटेल, राजेश शुक्ला, विक्रमादित्य मौर्य, विजय शंकर शुक्ला, दिलीप कुमार चतुवेर्दी, राजेश्वरी तिवारी, इं जगदीश सिंह यादव, अजीत प्रताप सिंह, हरिदेव धूरिया, कुशल जैन, ज्ञान नारायण कन्नौज्जिया, तुलसी दास राणा, गोबिन्द मिश्र, श्याम बाबू केसरी, प्रदीप पांडेय, रेवती पाल, संजय पटेल आदि के साथ भारी संख्या मे स्थानीय पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### देश के महापुरूषो का अपमान नही सहेगा हिन्दुस्तान : विभवनाथ भारती



भाजपा यमुनापार के कार्यकर्ताओं ने विभवनाथ भारती के नेतृत्व में पुतला जलाते।

## दीपोत्सव पर रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शंकरगढ़।** दीप महोत्सव के अवसर पर कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। दिव्या मिश्रा, पलक , सिद्धि दुबे, आंचल सिंह, संध्या, शुभ त्रिपाठी,यश सिंह, संदीप, शिखर, हिमांशू, मान्या आदि बच्चों ने भारतीय संस्कृत सभ्यता पर ,धार्मिक सभ्यता पर ,राष्ट्रीय पक्षी मोर पर, भारतीय कलाकृति आदि पर विभिन्न प्रकार के रंगोलियां बना करके लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने आज से शुरू होने वाले पंच त्योहार के महत्त्व के बारे में बच्चो को जानकारी देते हुए कहा कि यह सभी त्योहार हमारी भारतीय संस्कृति सभ्यता और धार्मिक भावना की दृष्टि से विशेष महत्त्व रखते है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालन पांडेय,मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा, मनोज तिवारी, पंकज मिश्रा पंकज श्रीवास्तव,राजेश गोस्वामी,रीना गोस्वामी, रेखा सिंह ,रीतू सुसारी, सिम्मी, मधु आदि शिक्षक व शिक्षिकागण मौजूद रहीं।




## कार्यालय ग्राम पंचायत भनौरी वि. ख. कौधिंयारा प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत भनौरी विकास खण्ड कौंधियारा में कराये जाने वाले कार्यो मनरेगा, राज्य वित्त, 15वां वित्त, हैण्ड पम्प मरम्मत एवं रीबोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण व सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत साथ ही अन्य निर्माण कार्य/मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्मे दिनांक 3–10–2021 से 10–10–2021 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 13 – 10–2021 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | इण्टरलाकिंग कार्य WBM, पक्की सड़क से पंचायत भवन तक इंटरलाकिंग | 7.00 लाख | 2 माह |

जगदम्बा प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भनौरी
विकास खण्ड कौधिंयारा, प्रयागराज

वीरेन्द्र कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भनौरी
विकास खण्ड कौधिंयारा, प्रयागराज


# अल्हवा गांव की तस्वीर बदलनी है : शहजादे

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** काफी समय से विकास योजनाओं से दूर ग्राम पंचायत अल्हवा की तश्वीर बदलती दिख रही है। नव निर्वाचित ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने शपथ लेने के बाद उसी दिन से विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ा दी थी, जिस कारण पांच माह में ही प्रधान ने कई विकास योजनाओं को गांव में संचालित करा दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधान शहजादे ने सर्व प्रथम गांवों के जितने भी मार्ग अतिक्रमित हैं उन्हें खाली करा कर उस पर सड़कें बनवाने का काम शुरू कर दिया। जिससे आवागमन में लोगों को सुविधाएं होने लगी हैं। आधा दर्जन से अधिक मार्गों का निर्माण कार्य हो चुका है सेस मार्गों पर कार्य शुरू हैऔर मार्गों के निर्माण कार्य अनुमोदन में फाइलें लगी हैं। श्री शहजादे ने बताया कि मेरा सपना है अल्हवा ग्राम को विकास की मुख्य धारा में शामिल करना। उन्होंने बताया कि ग्राम में बड़ी योजनाओं में सचिवालय भवन का निर्माण कार्य, जीर्णोद्धार, सुसज्जित युक्त, अस्पताल, मनरेगा पार्क, बैकुंठ धाम का निर्माण चेकडैम, बंधे, पुरानी नस्ट हो चुकी सड़कों को मरम्मती करण करके उन्हे इंटर लॉकिंग निर्माण कार्यों से सुसज्जित किया जाए। जिस पर कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। गांव में मार्गों के किनारे कोलान बस्ती की जल निकासी को ध्यान में रखते हुए सात सौ मीटर पक्की नाली का निर्माण कार्य और दो किलो मीटर की सड़क तथा पांच स्वीकृत मार्गों को निर्माण कार्य धान की फसल कटते ही चालू करा दिया जायेगा।

प्रधान के अनुसार बैकुंठ धाम और मनरेगा पार्क का शिलान्यास जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयाग राज डाक्टर वी के सिंह द्वारा २९ अक्तूबर को किया गया है जिस पर निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। गांवों के लघु सीमांत पात्र किसानों की एवम सार्वजनिक भूखंडों पर समतली करण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिससे श्रमिकों के सामने भूंखमरी की समस्या न रहे। और किसानों का कल्याण हो,विकास हो। वाटर लेबिल समुचित रूप से जो इसके लिए नदी नाला भैंसहवा में एक चेक डैम निर्मित करवाने का कार्य शुरू होने जा रहा है।

ग्राम पंचायत में दलित आदिवासियों भूमिहीनों को कृषि एवं आवासीय आवंटन की कार्यवाही शुरू की जा रही है। जिससे गरीब सार्वजनिक सरकारी जमीनों के बजाय आवंटित जमीनों पर अपने आशियाने बना सकें। और विकास की मुख्य धारा में शामिल हों जाएं। इसके लिए प्रधान ने सासन स्तर पर भू माफियाओं से जमीनें खाली कराने के लिए पत्राचार किया गया जिस पर ऐसी सार्वजनिक जमीनें खाली कराने के लिए राजस्व और पुलिस बल की टीम गठित हो गईं हैं। कुछ जमीनें खाली कराई जा रही हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव में जितनी भी चक्रोड,सेक्टर,हैं सब पर मिट्टी और इंटर लॉकिंग का कार्य करा कर चहुंओर आवागमन सुविधाएं बहाल की जायेंगें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर ब्याप्त भ्रष्ट्राचार के बारे में प्रधान ने बताया कि कोटेदार की मनमानी से जनता त्रस्त है। इसमें तहसील और आपूर्ति विभाग के अधिकारी स्वार्थ वस कार्यवाही नहीं करते। जिस कारण उच्च स्तरीय शिकायत सासन स्तर पर की है। जांच भी हो गई है। कोटेदार के खिलाफ चार्ज शीट भी जारी हो गई है। जल्द ही कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही कर नए कोटेदार का चयन किया जाएगा। इस निमित्त ग्राम सभा की खुली बैठक में नए कोटेदार के चयन हेतु प्रस्ताव भी पारित हो चुका है।




**कई विकास योजनाओं पर काम चालू , ग्राम की उचित दर विक्रेता को आरोप पत्र जारी दीपावली से सचिवालय भवन पर काम काज होगा शुरू**



### बोले ग्राम पंचायत प्रधान



ग्राम पंचायत के समग्र विकास में लगा हूं। कई योजनाएं गांव में ला कर कार्य कराया जा रहा है। कई समस्याओं को मुख्य मंत्री जी तक प्रस्तुत किया हूं। आशा है अनुमोदन मिलते ही और भी बड़े कार्य शुरू होंगें। मेरा प्रयास होगा की सर्व धर्म समभाव के आधार पर कार्य करता रहूं। कोई गांव में कुपोषण और भूँख भय से न मरे इस पर कार्य कर रहा हूं। गरीबों को कंबल मजलूम विधवा विकलांगों महिलाओं को अंगवस्त्र की व्यवस्था करूगा, जिससे उन्हें कष्ट न हो।

**अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे**
**ग्राम प्रधान अल्हवा कोराव**
**प्रयागराज**

## जपा विधायक सुरेंद्र सिंह के मुकदमा वापसी की अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए ने शासन के निर्देश पर अभियोजन द्वारा जानलेवा चोट पहुंचाने के मामले में बनाए गए अभियुक्त भाजपा विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह, सूड्डू सिंह, गिरीश चंद्र सिंह के मुकदमा वापसी की अर्जी को आधारहीन पाते हुए खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अभियुक्तों के बयान के लिए 16 नवंबर की तारीख नियत की है। कोर्ट ने अभियुक्तों को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। यह आदेश स्पेशल कोर्ट के जज आलोक कुमार श्रीवास्तव ने लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार सिंह और एडीजीसी राजेश गुप्ता को सुन कर दिया है।

घटना 3 मई 2013 की जनपद बलिया के बैरिया थाने के चांदपुर की है। वादी पशुपति सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पुत्र अवधेश सिंह को विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह, सूड्डू सिंह, गिरीश चंद्र सिंह आदि अन्य अभियुक्तों ने ईट से सिर पर प्रहार करके जानलेवा चोट पहुंचाई थी। प्रकरण की सुनवाई स्पेशल कोर्ट में की जा रही है। अभियोजन का साक्ष्य समाप्त हो चुका है।

अभियुक्तों का बयान अंतर्गत धारा 313 सीआरपीसी दर्ज किया जाना है। शासन के निर्देश पर लोक अभियोजकों द्वारा मुकदमा वापस किए जाने की अर्जी 14 जुलाई 2021 को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिस पर स्पेशल कोर्ट ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की विधि व्यवस्था का हवाला देते हुए मुकदमा वापसी की अर्जी को खारिज कर दिया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लखरावा करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत लखरावा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22–09–2021 से दिनांक 30–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत लखरावा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | फूलकली का (पशु शेड निर्माण) | 1.16 लाख | 2 माह |
| 2. | मनीता का (पशु शेड निर्माण) | 1.16 लाख | 2 माह |
| 3. | अमिता का (पशु शेड निर्माण) | 1.16 लाख | 2 माह |
| 4. | मालती का (पशु शेड निर्माण) | 1.16 लाख | 2 माह |
| 5. | सीता देवी का (पशु शेड निर्माण) | 1. 00 लाख | 2 माह |
| 6. | कौशलेश के कुआं से स्वास्थ केन्द्र तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/
टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लखरावा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# छोटी दीपावली पर जमकर हुई खरीदारी


बाजार में फूलों की खरीदारी करती युवती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छोटी दीपावली पर लोगों ने बुधवार को जमकर खरीदारी की। दीपावली पर पूजन के लिए किसी ने गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा खरीदी तो किसी ने पूजन-सामग्री। फूल और मालाओं की बिक्री का भी सिलसिला जारी रहा। जैसे-जैसे दीपावली पर्व का समय नजदीक आता जा रहा था, वैसे-वैसे बाजार में उल्लास का माहौल बढ़ता जा रहा था।

बुधवार को पूर्वान्ह दस बजे से ही शहर में बाजार सजने लगे। नगर क्षेत्र के अन्तर्गत शहीद उद्यान पार्क से लेकर चौक घंटाघर तक सड़क के दोनों ओर लाई-गट्टा, चूड़ा, मिठाई, फूल-माला, झालर, गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमा, पटाखा, अगरबत्ती व रुई की दुकानें सज गई।

दीप जलाने के लिए दियाली बेंचने वालों की भी दुकानें सजी रही। धनतेरस की रात्रि से ही खरीददारों की भीड़ बढ़ने लगी। बुधवार को पूजन सामग्री की भी जमकर बिक्री हुई। मिठाई की दुकानों पर सुबह से ही खरीदने वालों की लाइन लगी रही। अफसरों के यहाँ उपहार देने के लिए उनके मातहतों और कनिष्ठ कर्मचारियों ने भी जमकर खरीदारी की। अम्बेडकर चौराहा स्थित मिठाई की दुकान पर शाम होते-होते स्टाक खत्म हो गया। छोटी दीपावली पर लोगों ने जहाँ यमराज की पूजा की वहीं लोगों ने घरों पर दीप जलाए।

पूरे शहर में झालरें और लाइटें लगाई गई थी जिसके चलते पूरा शहर रोशनी से नहाया नजर आया। उधर बाजार में खरीदारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने यातायात प्रतिबंधित कर रखा था। क्षेत्राधिकारी नगर और उप जिलाधिकारी सदर के अलावा शहर कोतवाल पुलिस बल के साथ नगर में भ्रमण करते रहे। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सभी पुलिस कर्मियों को सक्रिय कर रखा था।

## दीपावली पर बाजारों में रही चहल पहल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** दीपावली के पर्व पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजार परियावा, आलापुर, कालाकांकर, नवाबगज, अदलाबाद, लवाना कुसुवापुर आदि बाजारों में चहल पहल दिखाई देने लगी। बाजारों में गणेश लक्ष्मी की मूर्ति के साथ लाई गट्टा चन्डिया बतासा लड्डू की जमकर बिक्री हुई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह अपने स्टाफ को बाजारों में डियूटी लगा रखी थी जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो सके। परियावां बाजार व नवाबगज चौराहे पर बाजारों में खरीददारी के लिए लोगो की भारी भीड़ लगी रही। परियावा रेलवे फाटक पर ट्रेन के आने के समय फाटक बन्द हो जाने से दोनों तरफ अच्छा खासा जाम से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। नवाबगंज चौराहे पर ऑटो रिक्शा व ठेले वाले सड़क के किनारे खड़ी कर देने से लोगों को हाईवे पर जाने के लिये परेशानी उठानी पड़ी।



# दीपावली मेले का नगरपालिका अध्यक्षा ने किया समापन

## पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने की शिरकत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आजादी के 75वें वर्ष में आयोजित नगर पालिका के सन्योजयक्त में 28 अक्टूबर से के पी कालेज परिसर में आयोजित दीपावली महोत्सव का बुधवार की शाम समापन नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक हरि प्रताप भी मौजूद रहे।

इस दौरान पटरी दुकानदार, रेहड़ी को पालिकाध्यक्ष द्वारा मिष्ठान वितरित किया गया और सफाई कर्मचारियों क वर्दी वितरित किया। इस दौरान नगर पालिका कर्मी के परिवार में घटित घटना पर शोक जताया गया। इस दौरान नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने मेले में आने वाले लोगों के प्रति आभार जताया। इस दौरान उन्होने नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह का सहयोग और मार्ग दर्शन के लिये आभार जताया। समापन अवसर पर सफाई निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, राजेश कुमार बिन्द, मिथिलेश सिंह, प्रशांत सिंह, सभासद आशुतोष सिंह, श्रीनाथ यादव, ज्ञानेश मिश्र, धर्मशील शुक्ल, प्रदीप जायसवाल, आशीष जायसवाल, दीपक उमवैश्य, गायत्री शुक्ल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# देशभक्ति व आपसी सौहार्द की प्रतीक बनी रंगोलियाँ

## बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में हुई प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**


बीएल सुविधा इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली के साथ छात्र

**प्रतापगढ़।** बी0एल0 सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को दीपावली के उपलक्ष्य में छात्राओं ने किट मेकिंग, थाल, दीया और मोमबत्ती सजावट, रंगोली, चार्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंगोली बनाकर मन मोहा। प्रधानाचार्य मोहित पांडेय ने सभी को दीपावली आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 8 प्रथम आयी। कक्षा 8 के बच्चों में जान्हवी, निधि, प्रिंसी, रहनुमा, अनन्त, मनीष, रौनक, कान्हा, हर्षित रहे। जबकि दीपक प्रतियोगिता में प्रथम पर कक्षा 1 रहा। निदेशक रामजी लाल जायसवाल व श्यामजी लाल जायसवाल ने बच्चों द्वारा किए गए सुंदर प्रयासों की सराहना की। सभी बच्चों और अध्यापकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भावना, सुमन, अनुष्ठा, ओम प्रकाश, आरजू, आदि लोग मौजूद रहे।

## समितियों में डीएपी नदारद, किसानों में मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अन्तर्गत परियावा, आलापुर, अदलाबाद, लाटतारा, दयालपुर, जनवामऊ आदि साधन सहकारी समितियों में डीएपी का स्टॉक खत्म हो जाने से किसानों में डीएपी खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, जबकि सहकारी समितियों के आस पास के प्रमुख बाजारों में प्राइवेट दुकानदारों के यहां डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है लेकिन किसान समितियों में मिलने वाली इफको डीएपी व इफको यूरिया ही ज्यादा पसंद करते हैं। प्राइवेट दुकानदारों के यहां मिलने वाली डीएपी व यूरिया को मजबूरी पर खरीदते है जब कि यूरिया व डीएपी के नाइट्रोजन मात्रा एक होती है फिर भी किसान कोआपरेटिव से मिलने वाली खाद खरीदना ज्यादा बेहतर पसन्द करते है। अभी गेंहू की बोआई भी सही ढंग से शुरू नही हुई कि डीएपी का स्टॉक समितियों में खत्म हो गया किसानों ने जिलाधिकारी से कालाकांकर क्षेत्र के समितियों में डीएपी का स्टॉक उपलब्ध कराने के लिए इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है, ताकि किसानों की गेंहू की फसल की बोआई हो सके।

## नवागंतुक डिप्टी कलेक्टरों को दी गयी तैनाती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जनपद प्रतापगढ़ में कार्यरत डिप्टी कलेक्टर ज्ञानेन्द्र विक्रम को उपजिलाधिकारी/उपजिला मजिस्ट्रेट लालगंज तथा डिप्टी कलेक्टर सौम्य मिश्रा को उपजिलाधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के पद पर तैनाती की है। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने नवागंतुक डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सिंह-द्वितीय को अपर उपजिलाधिकारी (प्रथम), उपजिलाधिकारी (न्यायिक) कुण्डा राम नारायण को अपर उपजिलाधिकारी (द्वितीय), नवागंतुक डिप्टी कलेक्टर संगम लाल को उपजिलाधिकारी (न्यायिक) पट्टी, नवागंतुक डिप्टी कलेक्टर जितेन्द्र पाल को उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सदर तथा नवागंतुक डिप्टी कलेक्टर देश दीपक सिंह को उपजिलाधिकारी (न्यायिक) लालगंज के पद पर तैनाती की है।

## भाजपा सरकारों की अदूरदर्शिता से आम आदमी परेशान : प्रमोद तिवारी


**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार पर चौतरफा विफल होते हुए जनता के प्रति गैरजिम्मेदार करार दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि सरकार की अदूरदर्शी नीतियों के कारण इस बार दीपावली पर भी मंहगाई तथा बेरोजगारी के चलते आम आदमी को निराशा मिली है। वहीं तीन काले कृषि कानूनों को जबरिया मोदी सरकार के थोपने से किसानो के घर सरकार के अहंकार का अंधेरा छाया हुआ है। बुधवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने छोटी दीवाली पर बाबा घुइसरनाथ धाम समेत विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमो मे कहा कि दीप मालाओं का पवित्र पर्व हमें सदा सत्य की राह और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दिया करता है। उन्होनें कहा कि यह पर्व आदिकाल से सदैव सत्य और धर्म की विजय के भी शंखनाद की प्रेरणा का संदेश लेकर आता है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सुधाकर पाण्डेय, केडी मिश्र, रामबोध शुक्ल, पवन शुक्ल, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज, गौरव केसरवानी, तपन पाण्डेय, लल्लन तिवारी, आनंद अग्रहरि आदि रहे।

# ट्रक व बाइक की टक्कर में नपा कर्मी के दो युवा पुत्रों की दुखद मौत

## नगर पालिका परिसर में हुई शोक सभा

**अखंड भारत संदेश**


नगर पालिका परिसर में आयोजित शोक सभा में शामिल ईओ व कर्मचारीगण

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका कर्मचारी भास्कर सिंह के दो युवा पुत्रों की बीती रात करीब 12 बजे लखनऊ से प्रतापगढ़ आते समय एक ट्रक की टक्कर से दुखद मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों युवा जिनकी उम्र 27 व 23 वर्ष बताई गई, अपाची मोटरसाइकिल से लखनऊ से मंगलवार की रात लौट रहे थे।

इसी बीच लालगंज के आगे लीलापुर के पास तेज रफ्तार में आई एक ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे 27 वर्षीय पुत्र अंकित की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि 23 वर्षीय अंकित की अस्पताल में ले जाते समय मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग खड़ा हुआ। इसकी सूचना मिलते ही नगर पालिका कर्मचारी भास्कर सिंह के परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि दोनों बेटे लखनऊ में नौकरी करते थे। दीपावली पर अपने घर आ रहे थे। बुधवार की सुबह पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष सिंह सहित अनेक नगर पालिका कर्मी भास्कर सिंह के आवास पर जाकर इस अप्रत्याशित घटना पर शोक जताया और दिन में नगर पालिका परिसर में शोक सभा की गई जिसमें सभी कर्मचारियों ने साथी भास्कर के परिवार में आए इस अपार संकट को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। शोक सभा में भाग लेने वालों में अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, मिथिलेश सिंह, सुरजीत सिंह, अशोक शुक्ला, अजय आदि थे। दोनों युवाओं का पोस्टमार्टम आज किया गया। बताया जाता है कि बडे. पुत्र का विवाह एक वर्ष पहले हुआ था जिसमें नगर पालिका के ज्यादातर कर्मचारी शामिल हुए थे। आज इन युवाओं की मौत पर पूरा नगर पालिका कर्मी शोकाकुल दिखाई दिया।

# ज्योति के घर खुशियों की सौगात लेकर पहुंचा बीबीएफजी

## नये वस्त्र, गर्म कपड़ें, लाई मिठाई, स्टेशनरी पाकर चहक उठे बच्चे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** माता-पिता को खो चुकी ज्योति को दिवाली की खुशियां मिली तो वह खुशी से चहक उठी। खुशियों की सौगात लेकर पहुंचे बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने ज्योति और उसके चार छोटे भाई बहनों को उपहार स्वरूप नये वस्त्र, गर्म कपड़े, लाई मिठाई, मिट्टी के दीये, शिक्षण सामाग्री देकर दिवाली पर उनकी खुशियों को दुगुना करने का काम किया।

दीवाली पर्व पर जब लोगों को अपने लिये समय नहीं है। ऐसे में बीबीएफजी ने समय निकाला और पहुंच गये बेसहारा बच्चों के घर हतसारा उन्हें छोटी दिवाली की खुशियां देने। ग्रुप के साथी मोहम्मद अनीश को अचानक से घर के सामने देख ज्योति और उसके भाई बहनों को विश्वास नहीं हुआ। उपहार देने के बाद उन्होंने बच्चों के साथ कुछ समय बिताया। उनकी पढ़ाई की प्रगति जानी। अच्छे से दिवाली मनाने को कहा। वे जब बच्चों से मिलकर लौटने लगे। ज्योति के छोटे भाई चंदन ने उन्हें रोकना चाहा। बोला, चाचा मत जाइये..। यह सुनकर वे भावुक हो गये। दुबारा जल्द मिलने का वादा किया।

# जिले के सात शिवालयों पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

## पांच नवम्बर में शिवालयों में प्रातः 8 बजे से होगा सजीव प्रसारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि प्रधानमंत्री द्वारा 05 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से प्रातः साढे. नौ बजे तक केदारनाथ धाम, उत्तराखण्ड में आदि शंकराचार्य जी की मूर्ति के अनावरण समारोह कार्यक्रम का जनपद के चिन्हित 07 शिवालयों क्रमशः तहसील क्षेत्र सदर अन्तर्गत गौरीशंकर धाम भुपियामऊ व भयहरणनाथधाम, तहसील कुण्डा अन्तर्गत हौदेश्वरनाथ धाम व कचनार वीर बाबा चौरासधाम, तहसील रानीगंज अन्तर्गत प्रगट महादेवन धाम दिलीपपुर, पट्टी क्षेत्र अन्तर्गत बेलखरनाथधाम, तहसील लालगंज अन्तर्गत घुश्मेश्वर नाथ धाम में सजीव प्रसारण किया जायेगा। शिवालयों में मन्दिरों का रूद्राभिषेक भी किया जायेगा जिसमें शिवालय के महंथ/पुजारीगण, प्रबन्धकगण सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थित रहेंगे। संतगणों का सम्मान कार्यक्रम भी किया जायेगा। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में पंजीकृत भजन/कीर्तन मण्डलियों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिलाधिकारी ने जनपद के चिन्हित 07 शिवालयों पर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को नामित किया है जिसमें खण्ड विकास अधिकारी मानधाता, सदर, बेलखरनाथधाम, सांगीपुर, पट्टी, कुण्डा एवं बिहार है। इसी तरह कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी/तहसीलदार को नामित किया है। कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद स्तर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी नोडल अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के ओवर आल इन्चार्ज रहेगें जो समस्त सम्बन्धित से सम्पर्क कर कार्यक्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुनियोजित तथा भव्यतापूर्ण व गरिमामय तरीके से सम्पन्न कराएंगे।

## पात्र व्यक्ति शीघ्र करायें पंजीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 10 दिसम्बर के पूर्व में एक वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कराया जाना है जिसके क्रम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद के समस्त इच्छुक पात्र व्यक्ति अपने सम्बन्धित विकास खण्ड, नगर निकाय, नगर पंचायत में सम्पर्क कर शीघ्र अपना पंजीकरण कराएं।


दंगल प्रतियोगिता मे जोर आजमाईश करते पहलवान

# अन्तर्राज्यीय दंगल प्रतियोगिता मे पठानकोट के बब्बी को मिला चैम्पियन खिताब

## महिला पहलवानों ने भी दांव पेंच से दंगल को बनाया यादगार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप असांव मे हुए अन्तर्राज्यीय दंगल प्रतियोगिता मे पठानकोट के बब्बी ने सुल्तानपुर के मुस्ताक को पटखनी देकर विजेता खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति द्वारा शिक्षा तथा समाजसेवा के क्षेत्र मे विशिष्ट लोगों का सम्मान भी किया गया। असांव गांव मे तीन दशक से होने वाले दंगल प्रतियोगिता मे मंगलवार की देर शाम तक प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, सुल्तानपुर, अमेठी, नैनी, हरियाणा, दिल्ली से दर्जनों नामीगिरामी पहलवानों ने कुश्ती का दांवपेंच दिखाकर लोगों को रोमांचित किया। महिला पहलवानों की भी स्पर्धा सराहनीय देखी गयी। महिला पहलवानी की कुश्ती मे गाजियाबाद की आशू व नई दिल्ली की खुशबू के बीच बेहद कांटे का मुकाबला दिखा। हालांकि काजल ने आशू का पटखनी देकर महिला कुश्ती का खिताब आखिरी क्षण मे अपने नाम किया। दस मिनट के फाइनल खिताब मे पठानकोट के मुस्ताक के नाम विजेता शील्ड अपने नाम की। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे शिक्षक रामधनी वर्मा व समाजसेवा के क्षेत्र मे अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय को अभिनंदन पत्र एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सांगीपुर की घटना के आरोपियो की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक मे बीती 25 सितंबर को हुई हाई प्रोफाइल घटना मे हाईकोर्ट ने एक तरफ से दर्ज की गई छह एफआईआर पर आरोपियो की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। वहीं कोर्ट ने एक ही समय पर घटी एक ही घटना मे छह एफआईआर दर्ज करने को लेकर औचित्य पर भी गंभीर रूख अख्तियार किया है। सांगीपुर मे 25 सितंबर को ब्लाक मुख्यालय पर हुए सरकारी कार्यक्रम के दौरान भाजपा तथा कांग्रेस समर्थकों मे भिडंत हो गयी थी। घटना को लेकर सांसद संगमलाल गुप्ता के सेक्रेटरी सुनील कुमार, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार मिश्रा, ओमप्रकाश पाण्डेय द्वारा पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना समेत कांग्रेस समर्थकों के खिलाफ मारपीट व हमले की एफआईआर दर्ज करायी गयी।

# खाद-बीज की अनुपलब्धता पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**


खाद-बीज की कमी पर प्रदर्शन करते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी

**प्रतापगढ़।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर किसानों को खाद बीज न उपलब्ध होने के विरोध में जिला काग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में काग्रेसजनों ने अम्बेडकर चौराहे से प्रदर्शन करते हुये जिला मुख्यालय पर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। इस दौरान काग्रेसजनों ने नारे भी लगाए।

जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि सरकार किसानों के प्रति उदासीन है। आज किसान बदहाल व परेशान है। खाद बीज उपलब्ध न होने के कारण किसान खेती ना कर पाने के कारण आत्महत्या को मजबूर है और सरकार किसानों पर लाठी बरसाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की मांग हर हालत में पूरी करनी होगी। काग्रेस पार्टी किसानों के साथ है। प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि यह तानाशाही सरकार निरंकुश हो गयी है। सरकार को किसानों के प्रति उदासीनता हो सरकार के पतन का कारण बनेगा। शहर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि जनपद के मंगरौरा के किसान परेशान हैं। ब्लाक मुख्यालय पर स्थित बीज क्रय केन्द्र को कही और कर देने के कारण किसानों को बीज नहीं मिल पर रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को हर हालात में किसानो को खाद बीज उपलब्ध कराना होगा। प्रदर्शन में वेदान्त तिवारी, रोहित शुक्ला, प्रशान्त शुक्ला, बृजेन्द्र मिश्रा, महेन्द्र शुक्ला, विजय शंकर त्रिपाठी, करूण पाण्डेय, मो0 यूसूफ, अशोक सिंह, फतेह बहादुर सिंह, अजीत सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, शिवम मिश्रा, मो0 इस्तियाक, मो0 हामिद राइन, कमला शंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## दियांशी के चयन से खुशी

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के सचिव समाज सेवी शरद केसरवानी की पुत्री दिव्यांशी केसरवानी का चयन मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज प्रयागराज में हुआ है। पूर्व में इनका चयन बिट्स पिलानी में हुआ है। उन्होंने जेईई एडवांस भी पास किया है। चयन से परिवार में खुशी की लहर है। एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां बांटी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पिता पुत्र को बाइक सवार ने मारा जोरदार टक्कर

**करारी कौशाम्बी।** सड़क पर जा रहे पिता पुत्र को तेज गति बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर घायल हो गए हैं घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करारी थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी मोहम्मद तरमीन अपने बेटा सोजा अब्बास के साथ करारी जा रहे थे जैसे ही वह मुकीमपुर के पास पहुंचे कि तेज गति बाइक सवार ने पिता-पुत्र को टक्कर मार दिया है हादसे में पिता-पुत्र दोनों घायल हैं हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया है जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर करारी पुलिस पहुंच गई है और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है फरार बाइक सवार की तलाश पुलिस कर रही है।

### काजू गांव में होगा पंच कुंडलीय यज्ञ का आयोजन

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के काजू ग्राम सभा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शक्ति पीठ चित्रकूट द्वारा पंच कुंडलीय यज्ञ का आयोजन किया गया है 17 नवंबर को कलश यात्रा का आयोजन के बाद से 17 और 18 नवंबर को प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन कथा वाचक डॉ राम नारायण त्रिपाठी द्वारा किया जाएगा 19 नवंबर को पंच कुंडलीय यज्ञ की पूर्णाहुति का आयोजन किया गया है उक्त जानकारी कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता उमेश केसरवानी ने जानकारी दी है।

### कोरोना के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन का पालन न करने वाले व यातायात के नियमो को न मानने वालों के विरुद्ध जिले की पुलिस ने विभिन्न थानों द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया जिसमें 107 वाहनों का ई चालान किया गया साथ ही बिना मास्क लगाए घूम रहे चार व्यक्तियों से 400 रुपए जुमार्ना ।वसूला गया।

### गौमांस के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अफसार अली पुत्र निसार अली निवासी अलावलपुर टिकरी कड़ाधाम को 6 किलोग्राम गौमांस के साथ गिरफ्तार कर का गोवध निवारण अधिनियम उत्तर प्रदेश पंजीकृत कर कार्यवाही के गई।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त रईस अहमद पुत्र नजर अब्बास निवासी नयागंज थाना करारी को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

# भरवारी कस्बे के दीपावली मेला में विदेशी कलाकारों ने मचाई धूम

## मेला महोत्सव के आयोजक चायल विधायक संजय गुप्ता के अथक प्रयास पर दिन प्रतिदिन जलवा बिखेर रहा दीपावली मेला



दीपावली मेला महोत्सव भरवारी में विदेशी कलाकारों को सुनने के लिए उमड़ी भीड़ ।

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे में दीपावली मेला महोत्सव का आयोजन चायल विधायक संजय गुप्ता के अथक प्रयास पर शुरू हुआ था यह मेला दिन प्रतिदिन अपना जलवा बिखेर रहा है देश के जाने माने तमाम कलाकारों ने इस मेला में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया है दीपावली मेला महोत्सव के छठवें दिन मेला परिसर में विदेशी कलाकार पहुंचे और उन्होंने मंच के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया है।

दीपावली मेला में बुधवार को मेले के छठे दिन भी मेले में हजारों की संख्या में लोगों ने जमकर मेले का आनंद उठाया विदेश से आए हुए कलाकारों ने अपने शानदार प्रदर्शन से लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया क्योंकि यह कारनामा भरवारी के लिए अचरज भरा था स्पेन से नदिया ने भारतीय गानों पर अचरज भरी बांसुरी बजा कर लोगों को अचंभित कर दिया और लोग जमकर झूमे। इसी क्रम में रसिया से आई कलाकार ओएलस ने फायर एक्ट का प्रदर्शन कर लोगों को हैरत अंगेज कर दिया, इजिप्ट से आए कलाकार ने तनौरा का एक्ट करके लगातार 30 मिनट तक गोल गोल घूम कर लोगों को दिखाया कि कोई भी काम मुश्किल नहीं होता है आगरा का मशहूर द राक्टर डांस ग्रुप में सबको अपने डांस की प्रतिभा दिखाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया जूनियर दिलेर मेहंदी के नाम से जाने जाने वाले गुरमीत ने पंजाबी व हिंदी गानों पर लोगों को खूब ठुमके लगवाया साथ ही वहां पर हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने मेले का खूब आनंद और लुफ्त उठाया वहीं मौजूद विधायक चायल ने भी आए हुए कलाकारों की खूब सराहना किया और कहा कि भरवारी दीपावली महोत्सव आज पूरे उत्तर प्रदेश में जाना जा रहा है विधायक ने सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कहा कि अब हर गांव गांव शहर शहर से निकलकर कलाकार आ रहे हैं यही कलाकार अपने गांव और शहर का नाम रोशन करते हैं। कार्यक्रम में नगर सहित चायल विधानसभा के हजारो लोग उपस्थित रहे।

## दीपावली के पर्व में नगर व कस्बों में सजी दुकानें

**कौशांबी।** दीपावली के त्यौहार को लेकर जिले के सभी बाजारों नगरों कस्बों चौराहों गांव गांव में मिठाई फल फूल मूर्तियों लाई लावा खिलौना गट्टा आतिशबाजी की दुकानें सज गई हैं खरीददारों के दुकानों में भीड़ लगी है मंझनपुर भरवारी समदा ओसा सिराथू सैनी इमामगंज विजिया चौराहा कौशाम्बी खास कोखराज चकवान टेडीमोड कल्यानपुर नेवादा अझुवा करारी पश्चिम सरीरा सराय अकिल मूरतगंज पूरामुफ्ती मनौरी तिल्हापुर चरवा चायल टेवा कुमियहावा कड़ा दारानगर उदहीन सहित विभिन्न बाजारों में दीपावली पर्व पर दुकानें सजी है जिससे सड़कों पर भीड़ लगी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### वृद्ध आश्रम में महिला उत्थान की तरफ से वितरित किया गया फल और मिठाई



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय के ओसा स्थित वृद्ध जनआश्रम में महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की तरफ से वृद्धजनों के बीच फल और मिठाई का वितरण किया गया है वृद्धजन आश्रम में फल और मिठाई का वितरण करने के बाद टीम के सदस्य महामाया विद्यालय के आसपास की गरीब बस्तियों में पहुंचे और घर-घर उन्होंने मिठाई फल का वितरण किया है इस मौके पर अंजना मिश्रा निधि त्रिपाठी अलका त्रिपाठी निशा नीलम यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कंटेनर से आमने-सामने भिड़ी रोडवेज बस दर्जनों सवारी लहूलुहान



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग में कंटेनर से आमने-सामने रोडवेज बस की भिड़ंत हो गई है इस हादसे में रोडवेज बस में सवार दर्जनों सवारिया लहूलुहान हुई है घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को उनके परिजन रिश्तेदार लेकर चले गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक इलाहाबाद से कानपुर जा रही रोडवेज बस जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के मलाक भायल गांव के पास पहुँची कि विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर से रोडवेज बस की जोरदार भिड़ंत हो गयी हादसा इतनी तेज थी कि बस की सीट पर बैठी सवारियां लुढ़क कर फर्श पर गिर पड़ी सवारियों के सिर कंधे छाती में गंभीर चोटें लगी हैं बस की टक्कर होते ही बस में चीख पुकार मच गई हो हल्ला सुनकर आसपास के ग्रामीणों समेत स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बस की सवारियों को बाहर निकालकर इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है बस व कंटेनर को पुलिस कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है।

### धान कूटते समय ट्रैक्टर में हाथ फंसने से अधेड़ की मौत

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चमंधा ग्राम सभा के मजरा ऊसरा में धान की कुटाई करवा रहे किसान का हाथ मशीन में फंस कर कट गया है इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है किसान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के ऊसरा मजरा चमन्धा निवासी रामा पटेल उम्र 45 वर्ष लागभग पुत्र स्वा सोहनलाल पटेल मंगलवार को अपने घर के पास ट्रैक्टर से धान कुटाई करवा रहे थे धान की कुटाई करवाते समय धान मशीन के बेलन के पट्टे में रामा पटेल का हाथ फस गया जिससे उनका हाथ कट कर अलग हो गया आनन-फानन में घायल किसान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान किसान की अस्पताल में मौत हो गई है किसान की मौत की सूचना कोखराज पुलिस को मिली सूचना मिलते ही मौके पर पहुँच कर पुलिस ने किसान की लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है किसान की मौत के बाद से घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# रंगोली, नृत्य व कविता के माध्यम से छात्रों ने दिखाई प्रतिभा कौशल



दीपावली पर्व के पूर्व विद्यालय में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छोटे-छोटे बच्चे

अखंड भारत संदेश

## दीपावली के पूर्व जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मंझनपुर में समारोह में प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**कौशाम्बी।** दीपावली के पूर्व जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मंझनपुर में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं ने दीपावली का पर्व बड़े ही धूम-धाम और उत्साह से मनाया है इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक बड़े लाल केशरवानी ने बच्चों के उत्साह एवं ज्ञान संवर्धन समारोह के आयोजन में प्रतियोगिता का आयोजन कर अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन रंगोली नृत्य कविता के माध्यम से किया है भगवान गणेश महालक्ष्मी प्रभु श्री राम और जानकी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा भी नृत्य के माध्यम से छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित की गई है रंगोली में प्रथम स्थान एंजेल और उमा तथा द्वितीय स्थान पर कोमल एंव अंशिका तृतीय स्थान पर मनु और वैष्णवी चतुर्थ स्थान पर उत्कर्ष एंव रजत पाचवे स्थान पर संस्कार एंव अनमोल ने प्राप्त की है जिनको विद्यालय के प्रबन्धक बड़ेलाल केशरवानी के द्वारा पुरुस्कार देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया है कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन नरेश केसरवानी रामबाबू केशरवानी प्रवक्ता ओसा कालेज कमलेश तिवारी रामदास केशरवानी प्रेमचंद्र केशरवानी सहित तमाम शिक्षिकाएं व छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## चौकीदारों को थानेदार ने किया सम्मानित



**कौशाम्बी।** दीपावली के पर्व पर थानेदार चरवा ने चौकीदारों को सम्मान पूर्वक मिठाई देकर उन्हें सम्मानित किया है थानेदार के इस पहल पर चौकीदारों ने उनका गुणगान करते हुए कहा कि उनके जीवन में यह पहले थानेदार हैं जब किसी थानेदार ने उन्हें सम्मानित किया है चरवा थाना अध्यक्ष अरविंद त्रिवेदी ने बुधवार को अपने चरवा थाना क्षेत्र के सभी पुलिस चौकीदारों को सम्मानित किया है शायद ही पहली बार चरवा थाना क्षेत्र में इस तरह का सम्मान चौकीदारों को मिला है थानेदार द्वारा चौकीदार को सम्मानित किए जाने से इस दीपावली पर चौकीदारों के चेहरे खिल उठे हैं थानाध्यक्ष अरविंद त्रिवेदी का दीपावली के पर्व पर सराहनीय कार्य देखने को मिला है।

## प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की छात्राओं ने ली शपथ



**कौशाम्बी।** दीपावली पर्व पर प्रदूषण को रोकने के लिए छात्र छात्राओं ने प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लिया है सिराथू तहसील क्षेत्र के केंद्र कनवार गांव स्थित धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में छात्र छात्राओ ने प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की शपथ ली तथा विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा अध्यापकों के सहयोग से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने छात्र छात्राओ को पटाखों से उत्पन्न धुँए से पर्यावरण पर होने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया इस कार्यक्रम के अवसर पर रामशंकर सिंह आदित्य द्विवेदी,अमित त्रिपाठी, निर्भय सिंह,वरुण प्रकाश जोशी,आयुष पाण्डेय, धनजंय सिंह,रजनीश मिश्रा,शिवदत्त पाण्डेय आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## दर दर की ठोकरे खा रही हैं बेसहारा मां बेटी

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के सोनारन टोला की ममता सरोज पुत्री सिपाही लाल की शादी बीते वर्ष मई 2020 में कोखराज थाना क्षेत्र के उगाहिया का पुरवा सैंता गांव निवासी महान सरोज पुत्र जयनारायण के साथ हुई थी शादी के कुछ दिन बाद से ही ममता के साथ पति सास-ससुर अत्याचार जुल्म ज्यादती करने लगे और विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया विवाहिता अपने पिता के घर आकर रहने लगी और एक बेटी को जन्म दिया लेकिन वहां भी उसके मायके में उसकी भाभी सुषमा कविता सुभामती उसे आए दिन प्रताड़ित परेशान करती थी एक तरफ ससुराल से प्रताड़ित दूसरी तरफ मायके में भी प्रताड़ित किए जाने से विवाहिता परेशान हो उठी और वह पिता के घर को छोड़कर अपने बेटी के साथ दर-दर की ठोकरें खाने को सड़क पर आ गई इस बात की जानकारी महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान के पदाधिकारियों को मिली संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने ममता सरोज और उसके बेटी को लेकर करारी थाने पहुंची और फोन करके उसके पिता सिपाही लाल को बुलाया और मा बेटी को वापस पिता सिपाही लाल के घर भेज दिया है सवाल उठता है कि ससुराली जनों पर पुलिस ने क्या कार्रवाई की है और कितने दिनों तक विवाहिता अपने मायके में खुशहाल रह सकेगी।

# डीएपी खाद की आपूर्ति नहीं होने से किसानों का हुआ बड़ा आर्थिक नुकसान : कांग्रेस

अखंड भारत संदेश

## डीएपी रसायनिक खाद की सुचारू आपूर्ति के लिए कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन देकर कांग्रेसियों ने उठाई मांग



उर्वरक की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी नेता

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश में रसायनिक खाद डीएपी जिसकी जरूरत किसानों को बुवाई के समय पड़ती है। उसकी आपूर्ति पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। स्थिति यह है कि किसानों को डीएपी भी नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते किसानों के आलू गेहूं सरसों की बुवाई शुरू नहीं हो पाई, इससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। लेकिन सरकार जानबूझकर डीएपी की आपूर्ति को बाधित कर किसानों की आर्थिक रीड को भाजपा सरकार तोड़ना चाहती है। ऐसे में सरकार को तत्काल यह आपूर्ति शुरू करनी होगी यदि सरकार ने जल्द से जल्द किसानों तक डीएपी पहुचाने की ब्यवस्था नही की तो कांग्रेस के सिपाही सड़क पर उतरकर आंदोलन के जरिए सरकार की ईट से ईट बजाने का काम करेंगे। उक्त बातें राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सौंपते हुये पार्टी नेता वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी ने कही। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी के उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार ने किसानों से 2022 के पहले उनकी आय दोगुना करने का वादा किया था लेकिन मौजूदा समय में किसान सरकार की गलत नीतियों के चलते भूखमरी के कगार पर पहुंच गया है। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी के नेताओं ने कहा कि भाजपा की सरकार पहले ही कानून लाकर किसानों के हितों के खिलाफ काम कर रही है। ऐसे में डीएपी का नहीं मिलना किसानों के लिए आर्थिक रूप से भारी नुकसान साबित होगा कांग्रेस के सिपाही ऐसा होने नहीं देंगे। यदि किसानों की रासायनिक खाद डीएपी यूरिया सरकार ने तत्काल शुरू नहीं कराई तो कांग्रेस के सिपाही सड़क पर उतर कर बड़ा आंदोलन कर सरकार के खिलाफ ईट से ईट बजाने का काम करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से रमेश अग्रहरी, राम बहादुर त्रिपाठी शाहिद सिद्दीकी, छितानी दिवाकर, पप्पू मिश्रा, कौशलेश द्विवेदी, मनोज कुमार, देशराज पटरियां, इजहार अब्बास, भारत गौतम, नर्मदा प्रसाद, मथुरा दुबे, हेमंत रावत, विनोद चौधरी, सेबू, राजकुमार, सफीक अहमद, मनोज पटेल, लालचंद्र हेला,नथनलाल सरोज, राजकुमार, कमलाकांत, तमजीद अहमद, इरशाद अहमद, महेन्द्र सिंह यादव, असगर मदनी, ईरशाद अहमद साहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# घर में तोड़फोड़ कर कब्जा करने का प्रयास

## तमाशबीन बनी थाना पुलिस न्याय के लिए भटक रहा गरीब, गुंडई रंगबाजी अराजकता कर जिला अधिकारी के आदेश के विपरीत जमीन पर कब्जा कर रहे है दबंग

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के टोनहा का पुरवा मजरा पूरब शरीरा निवासी हेमचंद्र सुरेश चंद्र के घर पर 30 अक्टूबर को गांव के दबंगों ने भवन में तोड़फोड़ किया है शटर तोड़ने के प्रयास किए गए हैं मकान के सामान इधर-उधर फेंक दिया गया है दहशत फैलाने के उद्देश्य से तेज आवाज के पटाखे फोड़े गए हैं कुछ लोगों का कहना है कि फायरिंग भी की गई है हेमचंद्र के घर में अराजकता अत्याचार करने वाले लोग जबरिया इनकी भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं जबकि यह भूमि सरकार द्वारा हेमचंद्र को पट्टे पर दिया गया था दबंगों ने मामले में जिलाधिकारी की अदालत में मुकदमा वाद संख्या 23 सन 2018 धारा 66 राजस्व संहिता के अंतर्गत ग्राम पूरब शरीरा बनाम सतीश चंद्र उर्फ हेमचंद आदि के नाम दाखिल किया था इस मुकदमे की सुनवाई करते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने 31 अक्टूबर 2018 को दिए गए फैसले में विपक्षियों को पराजित कर हेमचंद्र के पक्ष में फैसला दिया है इस जमीन पर जिलाधिकारी ने हेमचंद्र को काबिज मानते हुए फैसला दिया है दबंग अपने को डीएम से बड़ा मानते हैं और जिलाधिकारी के आदेश को मानना नहीं चाहते हैं वह गुंडई रंगबाजी अराजकता कर जिला अधिकारी के आदेश के विपरीत जमीन पर कब्जा कर रहे हैं मकान में तोड़फोड़ करने सामानों को तहस-नहस करने वाले दबंगों के खिलाफ पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दिया लेकिन थाना पुलिस भी अपनी आदत के अनुसार इस मामले में राजस्व का हवाला देकर पीड़ित पक्ष को थाने से टरका दिया है चर्चा तो यह भी है कि आतंक अत्याचार करने वाले दबंगों से थाना पुलिस ने नोट की मोटी गड्डी वसूली है जिससे वह दबंगों को अप्रत्यक्ष रूप से बल दे रही है थाने से न्याय न मिलने पर पीड़ित मंगलवार को पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचा है और तहरीर देकर न्याय दिलाने की फरियाद की है बताया जाता है कि जिस जमीन पर दबंगों की नियत खराब है यह मंझनपुर पश्चिम शरीरा मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे स्थित है जिसकी कीमत लाखों में बताई जाती है और कीमती जमीन के बगल में इन दबंगों की भूमि धरी जमीन है इसी का फायदा उठाकर दबंग हेमचंद की जमीन में जबरिया काबिज होना चाहते हैं आखिर कब तक दबंग मजलूम कमजोर पर अत्याचार करते रहेंगे और थाना पुलिस तमाशबीन बनी रहेगी।

# आखिर यह पश्चिम शरीरा थाना है या फिर पंचायत भवन

अखंड भारत संदेश

## रेप के आरोपियों से पुलिस ने दबाव डालकर पीड़िता की दो महीने पूर्व करा दी शादी विवाहिता के जान के दुश्मन बन गए आरोपी

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र ी खुशबू बानो पुत्री अली हसन के ाथ गांव के अंबुन उर्फ आफताब ने प किया था परिजनों ने बलात्कार र्ज किए जाने की तहरीर पुलिस को ी थी शिकायती पत्र थाने में दिए ाने के बाद आरोपी युवक घर ोड़कर भाग गया था कई महीने तक ह घर से बाहर पड़ा था।

परिजनों ने पुलिस अधीक्षक की ौखट पर फरियाद कर मुकदमा दर्ज रने की मांग की पुलिस अधीक्षक ने ाना पुलिस को आरोपियों पर ार्रवाई का निर्देश दिया लेकिन ामले में मुकदमा दर्ज करने के जाय थाना पुलिस ने थाने में पंचायत रा कर दोनों की शादी करने की ात पर सुलह समझौता कराकर ारोपियों के गुनाहों को माफ कर या था आरोपियों को जेल भेजने के जाय पीड़ित परिजनों पर सुलह समझौते का दबाव बनाने के मामले में थाना पुलिस पर लाखों रुपए वसूली का भी आरोप लगा था 2 महीने पूर्व खुशबू की मुस्लिम रीति रिवाज से शादी हो गई शादी के बाद से ही ससुराली जन खुशबू पर फिर अत्याचार करने लगे आरोप है कि शादी के 15 दिन बाद लात घूसों लाठी डंडे से विवाहिता को बेरहमी से पीटा गया है और उसके जेवर कपड़ा छीनकर उसे धक्के मार कर घर से भगा दिया गया है विवाहिता का कहना है कि उसे पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया जा रहा है ससुराली जनों के आतंक से पीड़ित खुशबू जान बचाकर ससुराल से भाग कर मायके आ गई है जिस पर तमाम लोग फिर एकत्रित होकर समझौता और पंचायत करने लगे लेकिन ससुराली जन बात मानने को तैयार नहीं है निकाह को 2 महीने भी नहीं बीते हैं कि विवाहिता खुशबू को फिर पुलिस की चौखट पर न्याय मांगने के लिए पहुंचना पड़ा है बुधवार को खुशबू ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पूरे प्रकरण को अवगत कराते हुए ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है अब सवाल उठता है कि बलात्कार के मुकदमे में समझौता कराने वाली थाना पुलिस पर पुलिस आला अधिकारी क्या कार्यवाही करेंगे आखिर आला अधिकारियों के निर्देश के बाद भी थाना पुलिस ने बालिका के परिजनों पर दबाव डालकर आखिर शादी के लिए समझौता क्यों कराया आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने क्यों जेल नहीं भेजा आखिर यह पश्चिम शरीरा थाना है या फिर पंचायत भवन इस बात को लेकर पुलिस की निष्ठा पर सवाल उठ रहे हैं।

## आम जनता से नम्रता पूर्वक करे व्यवहार : रविन्द्र त्रिपाठी

**कौशाम्बी।** यातायात माह नंबर के तहत जिले के पुलिस लाइन में यातायात में नियुक्त कर्मियों होमगार्ड एंव पीआरडी के जवानों को यातायात के उपकरणों वाहन चालकों के संकेतों भीड़भाड़ वाले चौराहे पर यातायात को सुचारू रूप से चलाने तथा मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत संशोधित नए प्रावधानों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही यातयात के कार्य मे सलंग्न कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वह वर्दी टर्नआउट उच्च कोटि का रखे तथा यातायात संचालन एंव प्रवर्तन की कार्यवाही के द्वारान आम जनता से नम्रता पूर्वक व्यवहार करें तथा अपने कार्यो को मेहनत एंव लगन से संचालित कर जिले के भरवारी करनपुर चौराहा पाल चौराहा मंझनपुर चौराहा ओसा चौराहा तथा टेवा तिराहा आदि स्थानों पर यातायात के नियमो का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 76 वहन चालको के विरुद्ध ई चालान की कार्यवाही की गई तथा पांच वाहन का चालान कर 2500 रुपए जुमार्ना वसूला गया व नियमो का उल्लंघन करने वाले चालको को यातायात के नियमो से जागरूक करते हुए नियमो के अनुपालन एंव सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया गया।

# भट्ठा मालिक के परिजन पर दलित बालिका से बलात्कार के प्रयास का आरोप

अखंड भारत संदेश

## आरोपी परिवार का पहले से अपराध व विवाद से है गहरा नाता

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के दरियापुर के ईट भट्ठा संचालक के परिजन पर भट्ठे पर काम करने वाले दलित मजदूर की नाबालिंग बेटी ने बलात्कार के प्रयास का आरोप लगाया है भट्ठा मालिक मनौरी कस्बे के बताए जाते है और इनके परिवार का पहले से अपराध और विवाद से गहरा नाता है। पिपरी थाना क्षेत्र के फरीदपुर सुलेम के रहने वाले बद्री प्रसाद अपने परिवार के साथ प्रकाश ईट भट्ठे दरियापुर में रहकर ईंट पथाई तथा भट्ठे के अन्य कार्यों में लगे रहते है। सोमवार को परिजन तिल्हापुर मोड़ बाजार सामान की खरीददारी करने चले गये भट्ठे पर मजदूर की 13 वर्षीय बेटी ईट भट्टे के आफिस के ऊपर छत पर कपड़ा सुखाने गयी बालिका को अकेले देखकर भट्ठे के आफिस में बैठे मालिक के भाई की नीयत खराब हो गयी और उसने दरवाजा बंद कर बालिका को बदनीयती से दबोच लिया और उसके साथ बलात्कार की कोशिश करने लगा बालिका ने हो हल्ला मचाया आवाज सुनकर बालिका के परिजन और अन्य मजदूर मौके पर आ गए मौका पा कर बालिका ने छत से नीचे कूद कर इज्जत बचाई पुलिस को दिए तहरीर के मुताबिक भट्ठा मालिक ओम प्रकाश पुत्र स्व० हीरालाल केसरवानी निवासी महमूदपुर मनौरी थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी हाल पता मुण्डेरा बाजार थाना घूमनगंज प्रयागराज दलित नाबालिंग बालिका के साथ बलात्कार के प्रयास का आरोपी है मामले को लेकर पहले भट्ठा में पंचायत हुई फिर सुलह समझौता का दबाव बनाया गया लेकिन पीड़ित परिजन नहीं माने और घटना के दूसरे दिन पिपरी थाने की पुलिस को तहरीर देकर भट्ठा मालिक के परिजनों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## विवाहिता की हत्या में तीन अभियुक्त को कारावास

कौशाम्बी थाना चरवा क्षेत्र की एक विवाहिता की हत्या के आरोप में उसके पति सास-ससुर को अदालत ने सजा सुनाई है आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है थाना में पंजीकृत डीपी एक्ट के अभियुक्त इंद्रपाल पुत्र सुंदरलाल भद्दी पत्नी सुंदरलाल व सुंदरलाल पुत्र स्व0 बुद्धालाल निवासी अरई सुमेरपुर थाना चरवा विवाहिता की हत्या के आरोपी है मुकदमे की सुनवाई के दौरान पति इंद्रपाल को न्यायालय एडीजे एफटीसी द्वारा गंभीर एंव जघन्य अपराध का दोषी मानते हुए अभियुक्त को 14 वर्ष का कठोर कारावास व पंद्रह हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है जुमार्ना न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई व सास भद्दी देवी वा ससुर सुंदरलाल को 7-7 वर्ष कारावास वा 15000-15000 रुपए अर्थ दंड से दंडित किया गया जुमार्ना न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

## सम्पादकीय

### कार्बन घटाने का लक्ष्य

भारत की तरफ से तय किए गए इन लक्ष्यों की अहमियत इस बात में है कि ये हवाई नहीं हैं, हासिल किए जा सकते हैं। मगर इन तक पहुंचना आसान भी नहीं होगा। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने यह स्पष्ट करने में संकोच नहीं किया कि अन्य देशों को भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो सम्मेलन में यह कहकर एकबारगी सबको चौंका दिया कि भारत 2070 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर लेगा। जीरो कार्बन उत्सर्जन का मतलब है कि कार्बन तो उत्सर्जित होगा, पर वह उस स्तर के ऊपर नहीं जाएगा, जितने तक पृथ्वी का वातावरण जज्ब कर सकता है। साल 2070 की यह समयसीमा हालांकि अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) की 2050 और चीन की 2060 की डेडलाइन से आगे है, और इसलिए हो सकता है कुछ ग्रीन एक्टिविस्ट्स को इससे निराशा हुई हो, लेकिन सम्मेलन में शामिल डेलीगेट्स की अपेक्षाओं और व्यावहारिक तकाजों को ध्यान में रखते हुए देखा जाए तो यह कोई छोटी बात नहीं कि दुनिया के चौथे सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देश ने जीरो कार्बन उत्सर्जन को लेकर समयबद्ध प्रतिबद्धता जाहिर की। दूसरे, यह 50 साल आगे की दी हुई एकमात्र प्रतिबद्धता नहीं है। जो पांच संकल्प भारत ने वहां व्यक्त किए, उनमें यह भी है कि 2030 तक वह कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी लाएगा और यह भी कि इन दस वर्षों में वह ऊर्जा की अपनी कुल जरूरतों का आधा हिस्सा अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से पूरी करने लगेगा।

भारत द्वारा तय किए गए इन लक्ष्यों की अहमियत इस बात में है कि ये हवाई नहीं हैं, हासिल किए जा सकते हैं। मगर इन तक पहुंचना आसान भी नहीं होगा। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने यह स्पष्ट करने में संकोच नहीं किया कि अन्य देशों को भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी समझनी होगी। यहां यह समझना भी जरूरी है कि उत्सर्जित कार्बन की कुल मात्रा के आधार पर भारत को दुनिया का चौथा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक बता देने भर से पूरी तस्वीर सामने नहीं आती। तस्वीर का दूसरा पहलू तब सामने आता है, जब हम प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के आंकड़ों पर नजर डालते हैं। यहां अमेरिका (15.5 टन), रूस (12.5 टन) चीन (8.1 टन) और ईयू (6.5 टन) के मुकाबले भारत (1.9 टन) कहीं नहीं ठहरता। इन देशों की बराबरी तक पहुंचने के लिए अभी भारत को काफी लंबी विकास यात्रा तय करनी है। इसके बावजूद भारत यह समझता है कि पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के सवाल ऐसे नहीं हैं, जिन पर कौन ज्यादा दोषी और कौन कम दोषी जैसी बहस की जाए। लेकिन यह तो देखना ही होगा कि कोई भी देश अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाने में कोताही न बरते। इस लिहाज से विकसित देश अभी तो जलवायु परिवर्तन के मद के लिए सालाना 100 बिलियन डॉलर जुटाने का काम भी नहीं कर पाए हैं लेकिन सचाई यह है कि यह रकम जरूरत से बहुत कम है। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा कि विकसित देशों को यह रकम जल्द से जल्द 1 ट्रिलियन डॉलर कर देनी चाहिए। इससे भारत जैसे देशों को अपना संकल्प पूरा करने के लिए जरूरी मदद मिल सकेगी और पृथ्वी पर जीवन बचाए रखने का उद्देश्य प्राप्त किया जा सकेगा।

# लड़ती दिख रही कांग्रेस ने मोदी की कम विपक्ष की नींद ज्यादा उड़ाई

**शकील अख्तर**

भाजपा यही चाहती है कि विपक्ष बिना राहुल के हो। अगर कांग्रेस सहित हो तो जी-23 वाली कांग्रेस के साथ। जो मोदीजी की ताकत को ठीक से पहचानती है। उनकी प्रशंसा करती है। राहुल नहीं जो मोदी को कदम-कदम पर चुनौती देता हो। इसीलिए इस बार प्रशांत किशोर से कहलवाया गया कि राहुल बेवजह मोदी से लड़ रहे हैं। हो सकता है वे मोदी को हरा दें। मगर इससे भाजपा कहीं नहीं जाने वाली। कांग्रेसियों को प्रशांत किशोर का आभारी होना चाहिए कि उसने पार्टी से बाहर रहते हुए यह कहा। अगर पार्टी में आकर यह सब कहता तो क्या होता? जी-23 वाकई जी-23 प्लस हो जाता। और शायद एकाध और चिठ्ठी सोनिया गांधी को लिख दी जाती कि प्रधानमंत्री मोदी की ताकत को स्वीकार करो। उन्हें कम करके आंकना बंद करो या शायद यह भी लिखा जा सकता था कि उनका नेतृत्व स्वीकार करो! मगर शायद प्रशांत किशोर ने पार्टी में शामिल होना स्वीकार नहीं किया। वरना उसे कांग्रेस में लाने के लिए जिस तरह उच्च स्तरीय तैयारियां दिख रहीं थीं उससे तो लगता था जैसे कोई ट्रंप का इक्का रहा हो। जिसका कोई काट किसी के पास न हो। वह आया और जैसा कि नेपोलियन के बारे में कहा जाता है- छा गया।पता नहीं कि यह किस की सलाह थी कि प्रशांत किशोर को पार्टी में लाओ। हो सकता है कोई भाजपा से प्रभावित हो जिसने कहा हो कि बाजी हमेशा बाहरी व्यक्ति ही आकर पलटता है। भाजपा के पक्ष में तो यह बात सही है कि उसके लिए हमेशा ही बाहर से आकर किसी ने रास्ता हमवार किया है। 1967 में लोहिया ने, 1977 में जेपी ने, 1989 में वीपी सिंह ने और 2014 में अन्ना हजारे ने। मगर क्या कांग्रेस के पक्ष में यह संभव था? पता नहीं। मगर कांग्रेस में यह बात किसी को अपील कर गई होगी कि अगर ऐसा है तो एक आदमी हम भी ले आते हैं। कांग्रेसियों को ऐसे निराले आइडिए खूब पंसद आते हैं। आज जिस ईवीएम पर यह सवाल उठा रहे हैं उसे ये ही लाए थे। नोटा जो सबसे ज्यादा इन्हीं के खिलाफ उपयोग हुआ है और आज जिसे सब एक निरर्थक और एवंई चीज मानते हैं, कांग्रेसियों ने ही बड़े लोकतांत्रिक सिद्धांत की तरह पेश किया था। आरटीआई जिसने खुद यूपीए सरकार की नाक में दम कर दिया था और उसके नाम पर कई लोग बड़े एक्टिविस्ट और पुरस्कार विजेता बन गए थे का आज कोई नामलेवा भी नहीं है, कांग्रेस का ही आदर्शवाद था। बहुत सारे उदाहरण हैं कि कांग्रेसी कैसे हवा में उड़ते तीर के सामने अपना सीना लाकर घायल हो जाते हैं। तो इस बार भी वे प्रशांत किशोर को खुद पर दो-चार चोट खाने के लिए अपना बनाने को बेताब थे। मगर वह कोई हवा का झोंका ही आया कि यह तीर खुद से ही दूर होकर निकल गया वरना कांग्रेसी तो अपनी सीना छलनी कराने को तैयार बैठे थे। वह जो पुरानी कहावत है कि कांग्रेस को दुश्मन की जरूरत नहीं है। वह स्वयं इतनी समर्थ है कि खुद ही अपने आपको पर्याप्त नुकसान पहुंचा सकती है, यहां बहुत सही लगती है। प्रशांत किशोर को शामिल करने के लिए क्या नहीं हुआ था? कांग्रेस अध्यक्ष के लेबल पर कई मीटिंगें हो गईं थीं। महासचिवों और वरिष्ठ नेताओं के स्तर पर इस बात पर चर्चा हुई कि उन्हें क्या दिया जाए। और प्रशांत किशोर की राहुल और प्रियंका से इस बारे में मुलाकात हो गई थी। लग रहा था कोई तूफान आने वाला है। जो आते ही सत्तारुढ़ भाजपा को उड़ा ले जाएगा। मगर तूफान तो आया लेकिन इधर ही मुड़ गया। कांग्रेसियों को बता गया कि अभी कई साल तक भाजपा जाने वाली नहीं है। और राहुल की जो सबसे बड़ी गलती है वह यह कि वे मोदी की ताकत को स्वीकार नहीं कर रहे। मतलब राहुल को मोदी का नेतृत्व मान लेना चाहिए। कितना बुद्धिमान व्यक्ति है यह प्रशांत किशोर। बांस को ही खत्म कर रहा था। कहां से बजेगी बांसुरी! राहुल ही अगर मोदी को मान जाएं तो कहानी खत्म। कौन देगा फिर मोदी को चुनौती? बाकी विपक्ष जो है वह खुद को मुख्य विपक्ष कहने में तो सबसे आगे रहता है मगर सड़क पर कहीं नहीं दिखता। सड़क पर तो आज लखीमपुर से लेकर ललितपुर बुंदेलखंड तक प्रियंका गांधी और राहुल ही दिखते हैं। या इससे पहले चाहे मजदूरों का पलायन हो, किसान की बात हो, हाथरस हो या भा परसोल हो राहुल ही लड़ते हुए पुलिस के धक्के खाते, गिरते, उठते और संघर्ष करते दिखते रहे। भाजपा यही चाहती है कि विपक्ष बिना राहुल के हो। अगर कांग्रेस सहित हो तो जी-23 वाली कांग्रेस के साथ। जो मोदीजी की ताकत को ठीक से पहचानती है। उनकी प्रशंसा करती है। राहुल नहीं जो मोदी को कदम-कदम पर चुनौती देता हो। इसीलिए इस बार प्रशांत किशोर से कहलवाया गया कि राहुल बेवजह मोदी से लड़ रहे हैं। हो सकता है वे मोदी को हरा दें। मगर इससे भाजपा कहीं नहीं जाने वाली। भाजपा कई दशक तक बनी रहने वाली है। गोवा में दिया यह बयान बेसिकली राहुल की हिम्मत तोड़ने के लिए और कांग्रेसियों को उकसाने के लिए है। राहुल पर इसलिए हमला कि आज भी अगर कांग्रेस और भाजपा में कोई अंतर पैदा कर रहा है तो वे राहुल गांधी ही हैं। यह राहुल का ही साहस था जिन्होंने त्रिपुरा के हमलों पर इतना खुल कर बयान देकर दुनिया में भारत का मान बढ़ाया। पूरे विश्व में जहां भी अल्पसंख्यकों पर हमले होते हैं वहां की सरकारें इसके खिलाफ कार्रवाई करती हैं। आवाज उठाती हैं। अभी बांग्लादेश में वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने, उससे पहले अमेरिका में ब्लैकों के खिलाफ हमले पर वहां के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आवाज उठाई। मगर यहां सरकार खामोश रही तो विपक्ष ने आवाज उठाई। विपक्ष मतलब राहुल गांधी।

लेकिन यही बात बाकी विपक्षी दलों को पसंद नहीं है। वे आवाज भी नहीं उठाएंगे लेकिन अगर राहुल बोलेंगे तो कहेंगे कि कांग्रेस और भाजपा एक ही है। अखिलेश यादव यूपी में यही कहने लगे हैं। शनिवार को उन्होंने कहा कि हम समाजवादियों का मानना है कि जो कांग्रेस है वही भाजपा है और जो भाजपा है वही कांग्रेस है। दोनों एक ही हैं। यह वही बयान है जो रोज मायावती जी देती हैं। मायावती जी वैसे तो कहीं जाती नहीं हैं। बोलती नहीं हैं मगर कभी-कभी जब मजबूरी में उत्तरप्रदेश की योगी सरकार के बारे में कुछ बोलना पड़ता है तो साथ में कांग्रेस को भी मिला लेती हैं कि कांग्रेस ने भी यही किया। अब वे राहुल या प्रियंका की तरह प्रेस के सामने तो आती नहीं हैं कि कोई उनसे पूछ ले कि कब किया था? 32 साल पहले? यूपी में कांग्रेस की आखिरी सरकार 1989 में थी।नारायणदत्त तिवारी की। उनके बाद मुलायम सिंह यादव बने। पहली बार मुख्यमंत्री। मंडल और कमंडल की राजनीति शुरू हो गई थी। सबको साथ लेकर चलने वाली राजनीति का अवसान और धर्म एवं जाति की राजनीति की शुरूआत। यूपी में इसी राजनीति ने मुलायम, मायावती और भाजपा को मौका दिया। पिछले 32 साल से यही तीनों जिनमें अखिलेश भी शामिल हैं सत्ता में रहे। 32 साल जिनमें दो नई जनरेशन आ गईं। गंगा-यमुना में बहुत पानी बह गया। मगर गलती आज भी कोई छुपाता है तो दोष कांग्रेस पर। अखिलेश को तो पता भी नहीं होगा कि यूपी में कांग्रेस ने किस तरह जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया था और भाजपा जो उस समय जनसंघ थी इसका विरोध किया था। सामंतवाद पर यह सबसे बड़ा प्रहार था जिससे कृषक और पशुपालक जातियों को बेगारी से मुक्ति मिली थी। बंधुआ मजदूर जो सभी दलित और पिछड़ी जातियों के थे मुक्त हुए थे और उनका आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण शुरू हुआ था। कांग्रेस को जब समाजवादी भाजपा के साथ जोड़ते हैं तो दरअसल वे भाजपा के यथास्थितिवाद को ही मजबूत कर रहे होते हैं। कांग्रेस जिसमें कई कमियां हैं। और जिसने मौका मिलने पर भी सामंतवाद, सांप्रदायिकता पर निर्णायक प्रहार नहीं किया और उनके लिए कई गलियां छोड़ते चले गए आज अपनी इसी खामी का नतीजा भुगत रहे हैं। ममता बनर्जी ने हालांकि मजे लेने के लिए कहा। मगर उनकी इस बात में कुछ तो सच्चाई है कि मोदी कांग्रेस की वजह से ही मजबूत हुए हैं। मगर एक बड़ी सच्चाई यह भी है कि इसी कांग्रेस में आज राहुल गांधी हैं जो सीधे सांप्रदायिकता और दलित विरोधी ताकतों को चुनौती दे रहे हैं। दो पूंजीपतियों अंबानी-अडानी का नाम लेकर उनके कारनामों को सबके सामने ला रहे हैं। उन्हीं राहुल पर भाजपा, उनकी सरकार, मीडिया के बाद प्रशांत किशोर और दूसरे विपक्षी दलों से हमले करवाए जा रहे हैं। मौका दिवाली का है, नहीं तो हम महाभारत का उदाहरण देते कि अकेले अभिमन्यु को कैसे घेरा जा रहा है! और अगर पाठकों को दिवाली का ही चाहिए तो हम लिख देते हैं कि अंत में विरथ रघुवीरा को ही विजय मिली थी।

# सस्ते में क्यों छूट रहे जीवन में तेजाब भरने वाले

**मोनिका शर्मा**

कोलकाता की एक महिला पर हुए एसिड अटैक के मामले में हाल ही कोर्ट ने दोषी को सिर्फ 1 महीने की जेल और 200 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। 2003 में हुई इस घटना को लेकर आए फैसले से एसिड अटैक की शिकार पीड़िताएं काफी निराश हैं। नाउम्मीदी हैरान भी नहीं करती क्योंकि एसिड हमला महिलाओं के साथ होने वाले बुरे बर्ताव और हिंसा का एक भयावह रूप है। तेजाबी हमले का दंश झेल चुकी महिलाओं ने इस फैसले को लेकर कहा है कि इससे बेहतर तो यह होता कि दोषी को कोई सजा ही नहीं दी जाती। कानून के जानकारों ने इस मामले में अदालत में सबूत पेश करने में कुछ खामियां रह जाने के कारण दोषी को मामूली सजा दिए जाने की बात कही है। राष?ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब?यूरो के आंकड़े बताते हैं कि एसिड अटैक के मामलों में साल 2014 में 203 मामलों में सिर्फ 11 और 2015 में 222 मामलों में महज 14 को सजा हुई है।गौरतलब है कि जिस पश्चिम बंगाल में हुए तेजाब हमले में 18 साल बाद मामूली सजा का फैसला आया है, वहां एसिड अटैक की सबसे ज्यादा घटनाएं होती हैं। एनसीआरबी की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में एसिड हमलों के 53 मामले अकेले पश्चिम बंगाल में हुए। यह आंकड़ा देश भर में सबसे ज्यादा रहा। उत्तर प्रदेश ऐसी घटनाओं के मामले में दूसरे नंबर पर है। साल 2014-15 में बंगाल में तेजाब हमलों के 78 मामलों में से सिर्फ 1 में ही सजा हुई। अफसोस कि अन्य राज्यों में भी शरीर ही नहीं मन तक को झुलसाने वाले ऐसे पीड़ादायी मामलों में अपराधियों को सजा मिलने की स्थितियां निराशाजनक ही हैं। असल में बरसों चले इस मामले का निर्णय उन कानूनी दांव पेंचों और उलझनों से रूबरू करवाता है जिनकी शुरूआत रिपोर्ट दर्ज होने के समय ही हो जाती है। एसिड अटैक, घरेलू हिंसा, दुष्कर्म या वर्कप्लेस पर हुआ दुर्व्यवहार-महिलाओं के विरुद्ध होने वाले इन आपराधिक मामलों में तंत्र का लचर, उदासीन और संवेदनहीन रुख पहले कदम से ही दिखने लगता है। एफआईआर दर्ज करने में भी आनाकानी होती है। एफआईआर हो भी गई तो समय पर साक्ष्य नहीं जुटाने के कारण पीड़िताओं का पक्ष बेहद कमजोर हो जाता है। नतीजतन, एसिड अटैक और दुष्कर्म जैसे बर्बर मामलों के अपराधी बच निकलने का रास्ता बना लेते हैं।इतना ही नहीं व्यवस्था का लचर रवैया अपराध का शिकार हुई महिलाओं को मुआवजा मिलने की मुश्किलों तक में देखने को मिलता है। गुजरे सालों में देश भर में हुए तेजाब से हमले के 1273 मामलों में से कुल 799 मामलों में पीड़िताओं को मुआवजा नहीं मिला। तेजाबी हमले की शिकार महिलाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या काम न मिल पाने की होती है। अपने चेहरे की पहचान खो चुकी पीड़िताओं के व्यक्तित्व को ही नकार दिया जाता है। नतीजा होता है कि व्यवस्था से आमजन का भरोसा उठ जाता है। पीड़िता और उसका परिवार कानूनी पेंच नहीं समझता। सरकारी तंत्र का ढुलमुल रवैया भविष्य में खुलकर विरोध करने का उसका साहस भी छीनता है। ऐसे में आपराधिक सोच वाले लोगों की दुस्साहसी और कुत्सित प्रवृत्ति पूरे समाज को मुंह चिढ़ाती नजर आती है। इस हताशा को और बढ़ाने वाले ऐसे मामले भी सामने आ चुके हैं कि शिकायत करने के बाद सजा ना मिलने के चलते बेखौफ घूमते आरोपियों ने पीड़िता पर दोबारा एसिड अटैक करने की हिमाकत भी है। दरअसल, महिलाओं के साथ होने वाली ज्यादतियों पर लगाम लगाने के लिए सामाजिक मोर्चे पर संवेदनशीलता, प्रशासनिक फ्रंट पर सधी कार्रवाई और कानूनी पक्ष पर त्वरित निर्णय जरूरी है। अफसोस कि रेयरेस्ट ऑफ दि रेयर कहे जाने वाले मामले भी बरसों तक खिंचते चले जाते हैं। अदालती प्रक्रिया में लगा लंबा समय परिवार और पीड़िता के लिए सामाजिक, मानसिक और आर्थिक पक्ष पर कई मुश्किलें पैदा करता है। भावनात्मक रूप से कमजोर करता है। समाज में भी अलग-थलग पड़ जाने की स्थितियां बनाता है। नतीजतन, कई परिवार केस लड़ने की इच्छा ही खो देते हैं। अफसोस कि वर्षों की जद्दोजहद के बाद आए ऐसे निर्णय पूरे समाज का ही मनोबल तोड़ते हैं।

# लक्ष्मीकांत बनने का रास्ता दया, दान एवं धर्म है

**नंदकिशोर श्रीमाली**

दीपावली लक्ष्मी पूजन का त्यौहार है। लेकिन क्या आप जानते हैं लक्ष्मी की बड़ी बहन का नाम अलक्ष्मी है। दोनों की उत्पत्ति अमृत मंथन से हुई है परंतु दोनों के बीच स्वर्ग तुल्य सम्मान एवं नरक के बराबर तिरस्कार का अंतर है। जहां हर व्यक्ति लक्ष्मी की गुडबुक्स में आने के लिए परेशान है वहीं दूसरी ओर हर जगह से अलक्ष्मी को बुहार कर बाहर निकाल दिया जाता है। अलक्ष्मी के नाश की प्रार्थना की जाती है। मैं चन्द्र के समान शुभ्र कान्तिवाली, सुन्दर, द्युतिशालिनी, यश से दीप्तिमती, स्वर्गलोक में देवगणों के द्वारा पूजिता, उदारशीला,


ऐसा माना गया है कि अमृत मंथन में विष निकलने के बाद भयंकर स्वाभाव वाली अलक्ष्मी प्रकट हुईं। अलक्ष्मी का विवाह दुःसह नामक विप्र ऋषि से हुआ। दुःसह शब्द का अर्थ कठिनाई से सहन करना है। अलक्ष्मी या दरिद्रता को सहन करना बहुत मुश्किल है। सारी कहानी प्रतीक में चल रही है। विष तुल्य अलक्ष्मी या दरिद्रता को कठिनाई से झेला जाता है, या फिर कठिनाई में ही अलक्ष्मी को सहन किया जाता है। दुःसह मुनि ने ज्येष्ठा के साथ विवाह तो कर लिया, परन्तु ज्येष्ठा को हवन, पूजा-पाठ से परेशानी थी। जहां भी हवन का धूम दिखता या फिर अंगों में भस्म धारण किए लोग दिखते वहां ज्येष्ठा उद्विग्न हो उठती।


पद्महस्ता, सभी की रक्षा करने वाली एवं आश्रयदात्री लक्ष्मीदेवी की शरण ग्रहण करता हूँ, और मेरी प्रार्थना है कि अलक्ष्मी का नाश हो जाए, क्योंकि अलक्ष्मी जहां भी जाती है वहां भूख और गरीबी साथ चल देते हैं। रोटी-कपड़ा और मकान की चिंता करते-करते जीवन बीत जाता है परंतु समस्या फिर भी बरकरार रहती है बिल्कुल उसी तरह जैसे अलक्ष्मी को है, और तो और अपने भी साथ छोड़ देते हैं, चाहे वह बहन हो या पति।

सहोदर होकर भी लक्ष्मी से बिल्कुल अलग अलक्ष्मी, ज्येष्ठा कौन हैं? लिंग पुराण में ज्येष्ठा की उत्पत्ति का वर्णन आया है।

ऐसा माना गया है कि अमृत मंथन में विष निकलने के बाद भयंकर स्वाभाव वाली अलक्ष्मी प्रकट हुईं। अलक्ष्मी का विवाह दुःसह नामक विप्र ऋषि से हुआ। दुःसह शब्द का अर्थ कठिनाई से सहन करना है। अलक्ष्मी या दरिद्रता को सहन करना बहुत मुश्किल है। सारी कहानी प्रतीक में चल रही है। विष तुल्य अलक्ष्मी या दरिद्रता को कठिनाई से झेला जाता है, या फिर कठिनाई में ही अलक्ष्मी को सहन किया जाता है। दुःसह मुनि ने ज्येष्ठा के साथ विवाह तो कर लिया, परन्तु ज्येष्ठा को हवन, पूजा-पाठ से परेशानी थी। जहां भी हवन का धूम दिखता या फिर अंगों में भस्म धारण किए लोग दिखते वहां ज्येष्ठा उद्विग्न हो उठती।

अब घोर समस्या थी। मुनि को यज्ञ, तप में आनन्द आता और ज्येष्ठा मंत्र जप से पीड़ित होतीं। दुःसह मुनि गहन वन में जाकर तप करने लगे, परंतु एक पति के रूप में मैं अपनी पत्नी को रहने का यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा पा रहे थे इसकी पीड़ा उन्हें बार-बार परेशान करती थी। किसी एक दिन मार्कण्डेय ऋषि से दुसह मुनि की भेंट हुई। दुःसह मुनि ने मार्कण्डेय ऋषि से पूछा, ह्यह्यमैं अपनी स्त्री के साथ कहां रहूं?ह्वह्व

मार्कण्डेय मुनि उन्हें पहले बताते हैं किन स्थानों में अलक्ष्मी झ दुःसह मुनि के साथ नहीं रह सकती हैं।

भगवान विष्णु एवं शिव के भक्त रहते हों।
नित्य सुबह-शाम घर में संध्या वन्दन होता हो।
जिनके घर में स्वाहाकार एवं वषटकार की ध्वनि होती हो।
जो लोग वेदपाठ करते हों।
भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हों।
नित्य शिवलिंग का अभिषेक होता हो।
चण्डिका देवी की मूर्त्ति स्थापित हो।
गुरु ब्राह्मण, गौ, अतिथि एवं रुद्रभक्त की नित्य पूजा हो।

इन घरों को, इनके बाग-बगीचे, खेत खलिहानों में दुःसह मुनि आपका अलक्ष्मी के साथ प्रवेश वर्जित हैं।

प्रवेश निषेध स्थानों की जानकारी मिलने के बाद दुःसह मुनि कहते हैं, ह्लअब यह बतलाइए कि मैं जाऊं कहां?

निःसन्देह जो लोग धमार्चारण से विमुख हैं, ईश्वर भक्ति भगवान का पूजा पाठ नहीं करते हैं, वहां आप जा सकते हैं, जहां गुरु पूजन नहीं होता है वहां आप जा सकते हैं,

जहां पति-पत्नी के बीच कलह हो वहां आप जा सकते है,

रुद्र, श्रीकृष्ण एवं श्रीविष्णु के प्रति भक्ति नहीं हो, वहां आप जा सकते हैं।

जहां पवित्रता, स्नान, ध्यान, यज्ञ, पूजन पर बल नहीं हो, वहां आप जाना।

मार्कण्डेय ऋषि दुःसह मुनि को अलक्ष्मी के साथ रहने के स्थान बतलाकर अर्तधान हो गए। इसके बाद दुःसह मुनि ने अपनी पत्नी सहित उस घर को ढूंढ़ा जहां केलोग ईश?वर भक्ति में लीन नहीं थे और वहां रहने चले गए। फिर किसी समय दुःसह मुनि ने अपनी पत्नी अलक्ष्मी से कहा कि तुम तालाब किनारे स्थित इस पीपल वृक्ष पर रहो और मैं पानी के नीचे जा रहा हूं हम दोनों के रहने के लिए एक श्रेष्ठ स्थान ढूंढ़ने के लिए। अलक्ष्मी पति के इस प्रस्ताव से दुखी होकर पूछती है कि मैं खाऊंगी क्या? मुझे बलि कौन देगा? ऋषि कहते हैं कि जो स्त्री तुम्हारा धूप-दीप नैवेद्य से पूजन करेंगी, इस वृक्ष पर दीपक जलाएंगी उसे तुम ग्रहण करना और उनके घर मत जाना। पत्नी को पीपल वृक्ष के पास छोड़कर दुःसह मुनि बिल के रास्ते पाताल चले गए। तब से लेकर आज तक परित्यक्ता अलक्ष्मी पीपल के पेड़ में विराजमान है, एवं गांव, शहर और बस्ती से दूर अकेली रहती है। आज भी संध्या काल में सौभाग्यवती स्त्रियां पीपल में दीपक जलाती हैं और सुबह में उसे जल एवं नैवेद्य अर्पित कर अलक्ष्मी को बलि प्रदान करती हैं। जैसा कि अलक्ष्मी ने दुःसह मुनि को वायदा दिया था, जिन घरों से उन्हें बलि मिलता है, वहां वे प्रवेश



नहीं करती है। मगर, अलक्ष्मी शहर, बस्ती से दूर पीपल के पेड़ पर कब तक दुःसह के वापस आने की राह तकती? एक बार जब भगवान विष्णु लक्ष्मी के साथ जा रहे थे, अलक्ष्मी उनसे दीन-हीन वाणी में कहने लगीं, ह्यह्यमेरे स्वामी मुझे पीपल के पेड़ के पास छोड़ कर चले गए हैं। मेरी निवास कहां होगा? श्रीविष्णु ने अक्ष्मी को सान्त्वना देकर समझाया कि जो लोग ईश?वर से विमुख हैं उनकी निन्दा करते हैं, उनका धन, उनका घर तुम्हारा स्थायी निवास है।अलक्ष्मी की शोचनीय स्थिति पर मन द्रवित हो उठता है।उत्पन्न तो वह भी अमृत मंथन से हुई हैं, विष की भांति, पर विष शिव के कण्ठ में स्थापित हो गया और अलक्ष्मी को हर कोई बुहार कर निकाल देता है। उससे भय अवश्य है, मगर उसके प्रति संवेदना का अभाव है। पति भी उसे छोड़ पाताल में जा बसे हैं और वह दुखी घूम रही है, भूख से व्याकुल, शायद विधवा सदृश क्योंकि सहचर विहीन है। रोटी-कपड़ा-मकान की चिन्ता में डूबी अलक्ष्मी कभी पीपल के पेड़ पर रह जाती है तो कभी विष्णु से निवास, भोजन के जुगाड़ के लिए कहती है। भुख या क्षुधा मनुष्य में आदि शक्ति की तरह काम कर रहा है। इस क्षुधा ने जिसे बांध दिया, डरा दिया वह स्वार्थी बन गया एवं जो इससे ऊपर उठ गया, वह दानवीर बन गया- परमार्थी हो गया। दम्यत्तः दवध्वज, दत्त- दया से दान आता है। अलक्ष्मी का रोटी-कपड़ा-मकान की चिन्ता आदिकाल से हर मनुष्य का संघर्ष रहा है और उसे जीतकर लक्ष्मीकांत बनने का रास्ता दया, दान एवं धर्म है ! यही अलक्ष्मी को दी गई वास्तविक बलि है !

## पोप से मोदी की मुलाकात को मणिपुर, गोवा चुनावों में भुना सकती है भाजपा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

मोदी-पोप भेंट का इस्तेमाल नगालैंड, मिजोरम तथा देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले ईसाइयों को लुभाने के लिए भी किया जाएगा। यह संदेह निराधार नहीं है लेकिन सरकार के प्रवक्ता ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि इस भेंट के दौरान धर्मांतरण का सवाल उठा ही नहीं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस भावभीने ढंग से वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मिले, उसके फोटो अखबारों और टीवी पर देखकर कोई भी चकित हो सकता है। वैसे मोदी सभी विदेशी महाप्रभुओं से इसी गर्मजोशी के साथ मिलते हैं, चाहे वह डोनाल्ड ट्रंप हो या जो बाइडन हो। लेकिन यह एकतरफा अति उत्साह नहीं है। सामने वाले की गर्मजोशी भी उतनी ही दर्शनीय हो जाती है। लेकिन मोदी की पोप से हुई भेंट को न तो केरल के कुछ ईसाई और न ही कुछ कम्युनिस्ट नेता आसानी से पचा सकते हैं लेकिन वे यह न भूलें कि पोप से मिलने वाले ये पहले भारतीय प्रधानमंत्री नहीं हैं। इनके पहले चार अन्य भारतीय प्रधानमंत्री पोप से वेटिकन में मिल चुके हैं। वे हैं– जवाहरलाल नेहरु, इंदिरा गांधी, इंदर गुजराल और अटल बिहारी वाजपेयी।

अप्रैल 2005 में जब पिछले पोप का निधन हुआ तो भारत के उप-राष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत स्वयं वेटिकन गए थे। उस समय यह प्रश्न भारत और फ्रांस दोनों जगह उठा था कि यदि आपका राष्ट्र धर्म-निरपेक्ष है तो केथोलिक धर्म गुरु की अंत्येष्टि में आपका प्रतिनिधि शामिल क्यों हो? इसका जवाब यह है कि पोप की धार्मिक हैसियत तो है ही लेकिन वेटिकन एक राज्य भी है और पोप उसके सर्वोच्च शासक हैं। यों भी किसी भी देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रोम जाते हैं तो वे पोप से प्रायः मिलते हैं लेकिन मोदी और पोप की इस भेंट से जो लोग नाराज हुए हैं, उनकी शिकायत है कि मोदी-राज में ईसाइयों और मुसलमानों पर काफी जुल्म हो रहे हैं लेकिन भाजपा इस भेंट का इस्तेमाल उन जुल्मों पर पर्दा डालने के लिए करेगी। इतना ही नहीं, गोवा और मणिपुर के आसन्न चुनावों में ईसाई वोटों को भी इस भेंट के बहाने पटाने की कोशिश करेगी।

इस भेंट का इस्तेमाल नगालैंड, मिजोरम तथा देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले ईसाइयों को लुभाने के लिए भी किया जाएगा। यह संदेह निराधार नहीं है लेकिन सरकार के प्रवक्ता ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि इस भेंट के दौरान धर्मांतरण का सवाल उठा ही नहीं। धर्मांतरण के सवाल पर भाजपा-शासित राज्य कड़े कानून बना रहे हैं और संघ के महासचिव दत्तात्रय होसबोले ने भय और लालच दिखाकर किए जा रहे धर्मांतरण को अनैतिक और अवैधानिक बताया है। सिर्फ संख्या बढ़ाने के लिए धर्म-परिवर्तन कराने के गलत तरीकों पर पोप भी कोई रोक नहीं लगाते। ईसाई परिवारों में पैदा हुए वाल्तेयर, विक्टर ह्यूगो, कर्नल इंगरसोल और बुकनर जैसे विख्यात बुद्धिजीवियों ने पोप-लीला के परखच्चे उड़ा दिए थे। आशा है, पोप फ्रांसिस जब भारत आएंगे तो वे अपने पादरियों से कहेंगे कि ईसा के उत्तम सिद्धांतों का प्रचार वे जरूर करें लेकिन सेवा के बदले भारतीयों का धर्म नहीं छीनें।

छोटी दिवाली पर भारत का बड़ा धमाका

# अफगानिस्तान को 66 रनों से धो डाला

**अबु धाबी (एजेंसी)।** भारत ने छोटी दिवाली पर धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को अबुधाबी के शेख जायेद स्टेडियम में खेले गए आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के 33वें मैच में अफगानिस्तान को 66 रनों से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा (74) और लोकेश राहुल (69) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी की बदौलत दो विकेट पर 210 रन का विशाल स्कोर बनाया और फिर अफगानिस्तान को निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 144 रनों पर रोक दिया। भारत की तीन मैचों में यह पहली जीत है और टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की उसकी उम्मीदें अभी जीवित है। भारत का नेट रन रेट अब +0.073 हो गया है और वह चौथे नंबर पर पहुंच गया है। टीम को अब अपना अगला मुकाबला शुक्रवार को स्कॉटलैंड से खेलना है। अफगानिस्तान को चार मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा है।



भारत से मिले 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत सही नहीं रही और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई। टीम के लिए करीम जनत ने नाबाद 42 रन, कप्तान मोहम्मद नबी ने 35 रन, रहमानउल्लाह गुरबाज ने 19, गुलबदीन नाइब ने 18 और हजरतउल्लाह जजई ने 13 रन बनाए। भारत की ओर से मोहम्मद शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उनके अलावा चार साल बाद पहला टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले रविचंद्रन अश्विन ने चार ओवर में केवल 14 रन दिए और दो विकेट झटके। वहीं, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट अपने नाम किए।

इससे पहले, रोहित शर्मा और लोकेश राहुल के अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी की बदौलत भारत ने दो विकेट पर 210 रन का विशाल स्कोर बनाया, जोकि मौजूदा टूनार्मेंट का सर्वोच्च स्कोर है। रोहित (74) और राहुल (69) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की। रोहित ने 47 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और तीन छक्के मारे जबकि राहुल ने 48 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और दो छक्के जड़े। हार्दिक पंड्या (13 गेंद में नाबाद 35 रन, चार चौके, दो छक्के) और ऋषभ पंत (13 गेंद में नाबाद 27 रन, एक चौके, तीन छक्के) ने तीसरे विकेट के लिए 3.3 ओवर में 63 रन की तेजतर्रार साझेदारी की जिससे भारत ने अंतिम नौ ओवर में 119 रन बटोरे। अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद लोकेश राहुल और रोहित शर्मा ने भारत को तेज शुरूआत दिलाई। रोहित ने नबी के पहले ओवर में चौका जड़ने के बाद बायें हाथ के स्पिनर शराफुद्दीन अशरफ पर भी चौका मारा। राहुल ने भी शराफुद्दीन की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ा। रोहित ने पांचवें ओवर में तेज गेंदबाज नवीन उल हक पर दो चौकों और एक छक्के से 17 रन बटोरे और टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। भारत ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 53 रन बनाए जो टूनार्मेंट में उसका अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित और राहुल को बीच के ओवरों में भी स्ट्राइक रोटेट करने में कोई परेशानी नहीं हुई और दोनों ने खराब गेंद को सबक सिखाने में भी कोई कोताही नहीं बरती। रोहित ने 12वें ओवर में नवीन पर चौके के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। राहुल ने इसी ओवर में छक्के के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। इस ओवर में 16 रन बने।



## रोहित-राहुल ने फोड़े चौके-छक्कों के पटाखे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एक बार फिर टास हारकर बल्लेबाजी करने उतरी टीम को राहुल-रोहित की जोड़ी ने सधी शुरूआत दी। पावरप्ले में दोनों बल्लेबाजों संयम के साथ खेलते हुए कुछ दर्शनीय शॉट लगाए और 53 रनों की साझेदारी की।

पावरप्ले के बाद प्रत्येक ओवर रन रेट बढ़ रहा था और टीम ने दोनों ओपनर्स की बदलौत चौदह ओवर में 140 रन जोड़ लिए थे। लेकिन चौदहवें ओवर में करीम गेंदबागी के दौरान चौथी गेंद पर रोहित कवर के फील्डर नबी को सीधे हाथों में कैच दे बैठे। रोहित ने अपनी 74 रनो पारी के दौरान 47 गेंद पर दर्शनीय आठ चौके और तीन छक्के लगाए।इसके बाद पंत बल्लेबाजी के लिए आए। पंत को पहले छह गेंदो को खेलने थोड़ी मुश्किल हुई। लेकिन इसी दौरान सत्रहवें ओवर की तीसरी गेंद पर राहुल गुलबदीन की गेंद को विकेट के पीछे खेलने चक्कर में बोल्ड हो गए। राहुल अपनी 48 गेंदो की 69 की पारी के दौरान छः चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद हार्दिक और पंत ने जमकर रन बरसाए दोनों ने आखिरी के 21 गेंद पर 63 रन जोड़े और स्कोर बोर्ड पर 210 रन टाँग दिये।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने रनगति को बनाये रखने की कोशिश में नियमित अंतराल पर विकेट खोये। पावरप्ले में अफगानिस्तान ने 47 रन दो विकेट के नुकसान पर बनाये। ड्रिंक्स के बाद दसवें ओवर समाप्ति पर 61 के स्कोर पर चार विकेट खोकर अफगानिस्तान संघर्ष कर रही थी। पन्द्रहवें ओवर में 88 रन पर पाँच विकेट गँवा चुकी अफगानिस्तान करीम के आतिशी बल्लेबाजी के बदौलत सौ रन पार कर 144 बना पाई। करीम ने 22 गेंद पर 42 ( तीन चौके, दो छक्के) और नबी ने 32 गेंदों पर पैंतीस रन बनाए। अश्विन ने चार ओवर में चौदह रन देकर दो विकेट, शमी ने 31 रन देकर तीन, जसप्रीत बुमराह ने 25 रन देकर दो विकेट लिए।

## टीम इंडिया में दो बदलाव, रविचंद्रन अश्विन को आखिरकार प्लेइंग इलेवन में किया शामिल

**अबुधाबी (एजेंसी)।** आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के 33वें मैच आज भारत का सामना अफगानिस्तान से हो रहा है। अबुधाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले के लिए टीम इंडिया ने अपने प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव किए है। सूर्यकुमार यादव की टीम में वापसी हुई है। वहीं, काफी आलोचनाओं का सामना करने के बाद टीम मैनेजमेंट ने आखिरकार रविचंद्रन अश्विन को भी प्लेइंग इलेवन में मौका दिया है। पहले दो मैचों में अश्विन को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने पर टीम मैनेजमेंट की काफी आलोचना हुई थी। उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को टीम में मौका मिला था, लेकिन चक्रवर्ती एक भी विकेट नहीं चटका पाए थे। हालांकि अब चक्रवर्ती को बाहर कर दिया गया है और अनुभव को प्राथमिकता देते हुए अश्विन को लाया गया है। अश्विन को वरुण चक्रवर्ती की जगह टीम में शामिल किया गया है। टीम इंडिया के लिए आज का मैच करो या मरो जैसा है। टीम इंडिया को अपने दो शुरूआती मुकाबलों में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से हार मिली है। अगर उसे टी-20 वर्ल्ड कप में आगे का सफर जारी रखना है तो उसे ये मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। अफगानिस्तान की टीम भी भारत को हराने के लिए पूरा जोर लगाएगी। अफगानिस्तान ने अपने तीन में से दो मैच जीते हैं।



## गप्टिल की विस्फोटक पारी, न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड को 16 रन से हराया

**दुबई(एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने स्टार बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल की 56 गेंद में सात छक्कों जड़ित 93 रन की अर्धशतकीय पारी से बुधवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण ग्रुप दो मैच में स्कॉटलैंड को 16 रन से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 172 रन का स्कोर बनाया और फिर स्कॉटलैंड की टीम को निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 156 रनों पर रोक दिया।

स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने सबसे ज्यादा 20 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट और ईश सोढ़ी ने दो-दो विकेट झटके। न्यूजीलैंड के 35 रन पर दो विकेट गिर गए थे लेकिन टीम ने शुरूआती झटकों से उबरते हुए 'प्लेयर आफ द मैच' गुप्टिल और ग्लेन फिलिप्स के साथ उनकी चौथे विकेट के लिये 73 गेंद में 105 रन की भागीदारी से वापसी कर चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम ने अंतिम पांच ओवर में इन दोनों खिलाड़ियों के विकेट गंवाकर 52 रन बनाए।




इस लक्ष्य का पीछा करने उतारी स्कॉटलैंड ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को कड़ी टक्कर दी, जिसमें माइकल लीस्क अहम खिलाड़ी रहे जिन्होंने 20 गेंद में नाबाद 42 रन बनाये। पर न्यूजीलैंड ने अपने अनुभवी गेंदबाजों की बदौलत उसे निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 156 रन ही बनाने दिये। लीस्क ने अपनी पारी में तीन चौके और तीन छक्के जड़े। न्यूजीलैंड के लिये ट्रेंट बोल्ट ने 29 रन देकर जबकि ईश सोढी ने 42 रन देकर दो दो विकेट चटकाए। टिम साउदी को 24 रन देकर एक विकेट मिला।

पिछले मैच में भारत को आठ विकेट से हराने वाली न्यूजीलैंड (0.816) के दूसरी जीत से चार अंक हो गये हैं लेकिन नेट रन रेट के मामले में वह अब भी अफगानिस्तान (3.097) से पीछे है जिसके भी चार अंक हैं। शुरूआती दोनों मैच गंवाने वाली स्कॉटलैंड की यह तीसरी हार थी। लीस्क के अलावा स्कॉटलैंड के लिये मैथ्यू क्रास ने 27, सलामी बल्लेबाज जार्ज मुन्सी ने 22 और रिची बैरिंगटन ने 20 रन का योगदान दिया। उमस और गर्मी से जूझते हुए गुप्टिल शतक से सात रन से चूक गये, उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी में छह चौके और सात छक्के जमाये। फिलिप्स ने भी 22 रन के निजी स्कोर पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए गुप्टिल का अच्छा साथ निभाया। पर 19वें ओवर में ब्रैड व्हील ने इन दोनों के लगातार गेंदों पर विकेट झटक लिए। अनुभवी क्रिकेटर गुप्टिल ने इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3000 रन भी पूरे किये जिससे वह भारतीय कप्तान विराट कोहली (3225 रन) के बाद इस सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गये। इसके साथ ही वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 छक्के जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बन गये। भारत के रोहित शर्मा 134 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

## इंग्लैंड को लगा तगड़ा झटका, टायमल मिल्स टूनार्मेंट से हुए बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज टायमल मिल्स दाएं जांघ में खिंचाव के कारण आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने ट्विटर पर एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।



मिल्स को सोमवार को शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ मैच में गेंदबाजी करते समय चोट लग गई थी। इंग्लैंड की टीम ग्रुप 1 में चार मैचों में लगातार चार जीत के साथ पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। मिल्स को दूसरे ओवर में चोट लगी थी। उन्हें अब कम से कम तीन सप्ताह तक रिहेबिलिटेशन से गुजरना पड़ेगा। मंगलवार रात को उनके चोट का स्कैन किया गया, जिसमें चोट की बात पता चली। मिल्स की जगह सरे के खिलाड़ी रीस टोपली को इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है। हालांकि टोपली को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम से जोड़ा गया है। आईसीसी इवेंट टेक्निकल कमेटी ने टोपली को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने की अनुमति दे दी है। टोपली ने इंग्लैंड के लिए अबतक 13 वनडे और छह टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने कुल 25 विकेट हासिल किए हैं।

## जिलाधिकारी ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

### कोविड प्रोटोकाल के साथ रोशनी का त्योहार मनाने की अपील

**अखंड भारत संदेश**

भदोही। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए उनके स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं खुशहाल भविष्य की कामना की है। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया है कि बच्चों को इस अवसर पर पटाखों से दूर रखें, सावधानी बरतें और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित मानक का पालन करें।

जिलाधिकारी ने अपने बधाई संदेश में सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया है कि वर्तमान में अभी कोरोना



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी

संक्रमण का खतरा टला नहीं है। अतरू सभी जनपदवासी बाहर निकलने पर बाजारों में सामान खरीदते वक्त एवं सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का प्रयोग आवश्यक रूप से करें, जिससे सभी नागरिक कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित रहें। डीएम ने सभी जनपदवासियों से यह भी आह्वान किया है कि सभी जनपदवासी कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए अपने को सुरक्षित रखकर दीपावली के पर्व को परंपरागत ढंग मनाएं। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने अपने क्षेत्रों में सफाई, प्रकाश एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित किए जाने के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया।

## रेलवे स्टेशन पर कैंटीन का हुआ शुभारंभ

**गोपीगंज।** नगर स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर धनतेरस के दिन कैन्टीन का शुभारंभ किया गया। पुरोहित आनंद पांडेय ने वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच पूजन कराया। काशी प्रयाग के मध्य स्थित भदोही जनपद के इस प्रमुख व्यवसायिक नगर गोपीगंज में स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी इलाहाबाद रेल खंड पर स्थित प्रमुख स्टेशन पर सभी प्रमुख ट्रेनो का ठहराव होता है। अब तक इस स्टेशन पर यात्रियो को नाश्ता और भोजन की व्यवस्था नही मिल पा रही थी। जिसकी कमी अब पूरी हो गई है। संचालक रविद्र यादव ने बताया कि उनका पूरा प्रयास होगा कि यात्रियो को शुद्ध नाश्ता और भोजन मिले।

## सीओ ने गरीब बच्चों में बांटा मोमबत्ती और मिठाई

### दीपावली की पूर्व संध्या पर मोमबत्ती व मिठाई पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने बुधवार को छोटी दीपावली के दिन नगर के प्रमुख तिराहा और चौराहों सहित गरीब बस्तियों में पहुंचकर उनके बच्चों के बीच मोमबत्ती, मिठाई आदि का वितरण किया। मोमबत्ती और मिठाइयां आदि पाकर गरीब बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

दरअसल पुलिस महानिदेशक ने रौशनी का पर्व गरीबों के घर में भी उनके बच्चे मना सकें। इसके लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक डा.अनिल कुमार के मार्ग दर्शन में



बच्चों में मोबत्ती व मिठाई वितरित करते सीओ

गरीबों के घर दीपावली का पर्व मनाने के सीओ अजय कुमार मोमबत्ती, मिठाइयां आदि लेकर नगर के प्रमुख तिराहा और चौराहों पर पहुंचे। इस दौरान वहां पर उन्हें जो भी गरीब बच्चे मिले। उन्होंने सभी उन गरीबों में दीपावली मनाने के लिए मोमबत्ती व मिठाई बांटी। इसके साथ ही सीओ गरीब बस्तियों में भी पहुंचे। वहां पर भी उन्होंने गरीब बच्चों में मिठाई और मोमबत्ती आदि का वितरण किया। सीओ के हाथों मिठाई और मोमबत्ती पाकर सभी बच्चों के चेहरे खुशी से उठे। क्षेत्राधिकारी ने सभी बच्चों को रौशनी के पर्व दीपावली की बधाई दी।

## छोटी दीपावली पर भी बाजार में रही खूब रौनक, जमकर हुई खरीदारी

**भदोही।** दीपावली पर खरीदारी को लेकर नगर के बाजारों में छोटी दीपावली बुधवार को लोग खचाखच भरे रहे। लोगों ने घरों को सजाने के लिए फूलों से लेकर झालर तक की खरीदारी की। गिफ्ट और मिठाई की दुकानों पर भी काफी भीड़ रही। लोगों ने शाम के समय विधि विधान से छोटी दिपावली का पूजन किया। मिट्टी के दीए अपने घरों में जलाएं गए। गुरुवार को दीपावली का मुख्य पर्व मनाया जाएगा। पांच दिवसीय रौशनी के पर्व की श्रृंखला में बुधवार को छोटी दिपावली का पर्व आस्था और विश्वास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में रौनक रही। दोपहर तक मुख्य बाजार खचाखच भर गए। अजीमुल्लाह चौराहा, कटरा बाजार, रजपुरा चौराहा, नेशनल तिराहा, स्टेशन रोड सबसे ज्यादा भीड़ रही। दीपावली पर अपना घर सजाने का सामान लोगों ने खरीदा। बिजली की झालर से लेकर फूल तक खरीदे गए। सजावट के अन्य सामान की भी जमकर बिक्री हुई। दीपावली पर गिफ्ट और मिठाई देना एक परंपरा है। सबसे ज्यादा भीड़ गिफ्ट और मिठाईयों की दुकानों पर ही देखने को मिली। इस बार मार्केट में बड़ी कंपनियों के बिस्किट, नमकीन की भी अधिक बिक्री हुई।

## कुष्ठरोगियों में मिष्ठान्न वितरण कर बांटी दीपावली की खुशियां

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** काशियाना फाउण्डेशन द्वारा पिपरीस स्थित कुष्ठाश्रम में बुधवार को कुष्ठरोगियों मिष्ठान्न वितरण कर दीपावली की खुशियां बांटी गयी। इस दौरान मिठाई पाकर कुष्ठरोगियों के चेहरे खिल उठे। बता दें कि फाउण्डेशन द्वारा प्रत्येक त्योहारों पर उन लोगों के बीच खुशियां बांटने का प्रयास किया जाता है जो अपनी गरीबी के कारण त्योहार नहीं मना पाते हैं।

काशियाना फाउण्डेशन के संस्थापक व नशा एवं पुनर्वास समिति भारत सरकार के सदस्य सुमित सिंह ने कहा कि त्योहार का असली आनन्द तभी है। जब त्योहार की खुशियां उनके बीच मनायी जाय जो गरीबी और बदहाली का जीवन जी रहे हैं। कहा दूसरों के प्रति निरूस्वार्थ सेवा का भाव रखना ही जीवन में



कुष्ठ रोगियों में मिष्ठान वितरित करते लोग

कामयाबी का मूलमंत्र है। निरूस्वार्थ भाव से की गई सेवा ईश्वर की सेवा है। हमें अपने आचरण में सदैव सेवा का भाव निहित रखना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हों। सेवा भाव ही मनुष्य की पहचान बनाती है। सेवाभाव हमारे लिए आत्मसंतोष का वाहक ही नहीं बनता बल्कि संपर्क में आने वाले लोगों के बीच भी अच्छाई के संदेश को स्वतरू उजागर करते हुए समाज को नई दिशा व दशा देने का काम करता है। जैसे गुलाब को उपदेश देने की जरूरत नहीं होती, वह तो केवल अपनी खुशबू बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है। उन्होंने कहा कि बिना सेवा भाव के किसी भी पुनीत कार्य को अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सकता। सेवा भाव के जरिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने के साथ ही आम लोगों को भी उनके सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। असल में सेवा भाव आपसी सद्भाव का वाहक बनता है। जब हम एक-दूसरे के प्रति सेवा भाव रखते हैं तब आपसी द्वेष की भावना स्वतः समाप्त हो जाती है और हम सभी मिलकर कामयाबी के पथ पर अग्रसर होते हैं। सेवा से बड़ा कोई परोपकार इस विश्व में नहीं है, जिसे मानव सहजता से अपने जीवन में अंगीकार कर सकता है। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर हमारे अंतिम सेवा काल तक सेवा ही एक मात्र ऐसा आभूषण है, जो हमारे जीवन को सार्थक सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाता है। बिना सेवा भाव विकसित किए मनुष्य जीवन को सफल नहीं बना सकता। हम सभी को चाहिए कि सेवा के इस महत्व को समझें व दूसरों को भी इस ओर जागरूक करने की पहल करें। इस मौके पर समाजसेवी हरीश सिंह, मिथिलेश धर, अमरेश पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नपं घोसिया चेयरमैन रजिया नुमान ने दी दीपोत्सव की शुभाकामनाएं

**अखंड भारत संदेश**

**घोसियां।** दीपावली के पूर्व संध्या पर औराई विकासखंड क्षेत्र के घोसिया नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रजिया नुमान ने सफाई कर्मचारियों एवं नगर पंचायत के अन्य कर्मचारियों को ड्रेस व मिष्ठान देते हुए दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दीपावली की पूर्व संध्या पर नगर के सफाई कर्मचारी नगर के स्वच्छता में अपनी जी जान से कार्य कर रहे हैं। जिससे आज उन्हें सम्मानित कर मन को बड़ा शांति प्रदान हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास व स्वच्छता में सहयोग करने वाले हर नगर के नागरिकों एवं सफाई कर्मचारियों का

### सफाई कर्मचारियों में वितरित किया मिष्ठान व ड्रेस



ड्रेस व मिष्ठान वितरित करती रजिया नुमान

मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं और आशा करती हूं इसी तरह से नगर में स्वच्छता मिशन के तहत साफ-सफाई कायम रहेगा और जिले में ही नहीं अपितु प्रदेश में नगर पंचायत घोसिया एक अपना अलग स्थान बनाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों को दीपावली की बधाई देते हुए जीवन में प्रकाश का दीप उदित होने की कामना किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के समस्त सभासद गण एवं अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## सरकार का दिवाली तोहफा, एक झटके में 5 रुपए सस्ता हुआ पेट्रोल, डीजल में 10 रुपए की कटौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली से ठीक एक दिन पहले आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम घटा दिए हैं। अब पेट्रोल 5 रुपए सस्ता हो गया है। वहीं, डीजल की कीमत में 10 रुपए की कटौती हुई है। दरअसल, दिवाली की पूर्व संध्या पर, भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कमी की घोषणा की है। पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कल यानी गुरुवार से क्रमशः 5 रुपये और 10 रुपये कम किया जाएगा। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक पेट्रोल की तुलना में डीजल पर उत्पाद शुल्क में कमी दोगुनी होगी। आगामी रबी सीजन को देखते हुए किसानों के लिए राहत की खबर है। इस राहत के साथ ही पेट्रोल और डीजल पर वैट कम करने की भी उम्मीद बढ़ गई है। बता दें कि भारत के अधिकतर शहरों में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार चला गया है और लगभग हर रोज 35 पैसे महंगा हो रहा है। 4 अक्टूबर 2021 से 25 अक्टूबर तक पेट्रोल की औसत कीमत में यहां 8 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है।


रार के बाद उमड़ा प्यार? कांग्रेस से बोली टीएमसी-

# आपस में क्यों लड़ें, आइए साथ मिलकर बीजेपी को हराएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद से ही कांग्रेस के प्रति ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के तेवर बदले हुए हैं। कांग्रेस और टीएमसी में जारी जुबानी जंग (वाकयुद्ध) को कम करने की कोशिश में तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता डेरेक ओब्रायन ने फिर से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है और कांग्रेस से आगामी गोवा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया है। बता दें कि कुछ समय से दोनों पार्टियां खुलकर एक-दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। कांग्रेस और टीएमसी के बीच तकरार के बीच मीडिया को दिए एक बयान में टीएमसी नेता ओब्रायन ने कहा कि हमें अपनी मानसिकता को बदलना होगा, हम विपक्ष में समान भागीदार हैं। बात करने के बजाय आइए इस पर हम एक साथ काम करें। हमें



आपस में लड़ने की कोई जरूरत नहीं है। हमारा एकमात्र लक्ष्य भाजपा को हराना है। टीएमसी की ओर से यह प्रतिक्रिया ऐसे वक्त में आई है, जब दोनों पार्टियों के बीच लगातार एक-दूसरे खिलाफ जुबानी जंग जारी है। टीएमसी का कहना है कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एक साथ लाने के लिए टीएमसी अनिश्चित काल तक इंतजार नहीं कर सकती है, वहीं कांग्रेस ने कहा कि चुनाव पर्यटन नहीं हैं जो एक पार्टी चुनाव लड़ती है और फिर गायब हो जाती है। दरअसल, कांग्रेस ने गोवा विधानसभा चुनाव लड़ने के तृणमूल कांग्रेस की मंशा पर ही सवाल उठाया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि चुनाव पर्यटन नहीं है, लेकिन उन्हें (टीएमसी) खुद से पूछना चाहिए कि आखिर उनका चुनावी उद्देश्य क्या है? वह भाजपा को और मजबूत कर रहे हैं या वे वास्तव में गोवा की राजनीति में अपनी जगह के लिए लड़ रहे हैं। हालांकि, तृणमूल ने आरोपों को खारिज कर दिया और उसके एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने लोगों का समर्थन खो दिया है। यह बयान ऐसे वक्त में आया है, जब टीएमसी नेता सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि सभी विपक्षी दलों के साथ गठबंधन करने का प्रस्ताव टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने दिया था, जिन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य नेताओं से भी मुलाकात की थी। उन्होंने कहा, हमने छह महीने लंबा इंतजार किया, लेकिन किसी भी तरफ से कोई प्रतिक्रिया या पहल नहीं हुई। इसलिए हम आगे बढ़े हैं और हमने अपने आधार का विस्तार करने का फैसला किया है। शायद कांग्रेस अपने आंतरिक मुद्दों में बहुत व्यस्त है।



दीपोत्सव पर लेजर लाइट और दीपों से जगमग हुई अयोध्या

## 276 कर्मियों के साथ तेल अवीव जा रही प्लाइट की गोवा में इमरजेंसी लैंडिंग, ईंधन में आई खराबी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बैंकॉक से तेल अवीव जा रही विमान ईएलएएल-082 की इमरजेंसी लैंडिग गोवा के डाबोलिम एयरपोर्ट पर करवानी पड़ी। भारतीय नौसेना द्वारा संचालित हवाई क्षेत्र में 276 कर्मियों के साथ यह विमान तेल अवीव जा रही थी। नौसेना ने बताया कि 1 नवंबर की अहले सुबह विमान की आपातकालीन लैंडिग करानी पड़ी। बताया जा रहा है कि एयरक्राफ्ट का इंजन बंद हो गया था। विमान के



बाएं इंजन के बंद होने का हवाला देते हुए आपात स्थिति घोषित कर दी थी। इस दौरान हवाई क्षेत्र में चल रहे उन्नयन कार्य के लिए बंद किया गया। मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार विमान की सुरक्षित रिकवरी को सक्षम करने के लिए अल्प सूचना पर उपलब्ध कराया गया था।

इससे पहले गोवा एयरपोर्ट के निदेशक गगन मलिक ने मंगलवार को बताया था कि सोमवार सुबह करीब चार बजे इजरायली विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार सभी यात्री मंगलवार शाम को वैकल्पिक विमान से तेल अवीव के लिए रवाना हुए। मलिक ने बताया कि इजरायली विमान के पायलट ने देखा कि विमान का ईंधन रिसाव संकेतक (फ्यूल लीक इंडिकेटर) चालू हो गया था।



## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में जवानों संग दिवाली मना सकते हैं पीएम मोदी

**खजूरिया,जम्मू (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर के राजौरी में गुरुवार को जवानों के साथ दिवाली मना सकते हैं। वह राजौरी जिले के नौशहरा में नियंत्रण रेखा पर जवानों के साथ दिवाली मनाएंगे। पीएम मोदी ऐसे समय पर यहां पहुंच रहे हैं, जब पुंछ में नार खास के जंगल में लंबे समय से चल रहे मुठभेड़ में अक्टूबर के चार दिनों में ही 2 जेसीओ सहित 9 सैनिक शहीद हो गए। पीएम मोदी के संभावित दौरे से पहले थल सेना अध्यक्ष एमएम नरवणे बुधवार को यहां पहुंच चुके हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, पीएम नरेंद्र मोदी राजौरी जिले में नौशहरा ब्रिगेट में जवानों के साथ दिवाली मनाएंगे। 2019 के बाद पीएम मोदी दूसरी बार राजौरी आ रहे हैं। दो साल पहले भी उन्होंने यहां जवानों के साथ दिवाली मनाई थी। पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर सेना के एक अधिकारी ने कहा, हालांकि, हमें अभी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। सैनिकों के साथ दिवाली मनाने के पीएम मोदी के प्लान से निश्चित तौर पर जवानों का मनोबल बढ़ेगा। 11 और 14 अक्टूबर को चामरेर और नार खास में 9 सैनिकों की शहादत के अलावा शनिवार को एलओसी पर माइन ब्लास्ट में दो सैनिक शहीद हो गए। अक्टूबर में ही भारतीय सेना ने दक्षिण पीर पांजाल में 11 जवानों को खोया है। इस क्षेत्र में अचानक आंतकवाद बढ़ा है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने की दूसरी वर्षगांठ के एक दिन बाद 6 अगस्त को इस इलाके में एनकाउंटर हुआ था। थानामंडी इलाके में दो आतंकवादी मारे गए थे। इसी इलाके में 19 अगस्त को भी मुठभेड़ में जेसीओ सहित 2 सैनिक शहीद हो गए थे।

होली तक बढ़ाई गई फ्री राशन योजना

# गेहूं-चावल के साथ तेल और दाल भी देगी योगी सरकार

**फैजाबाद (एजेंसी)।** दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या पहुंचे सीएम योगी ने बड़ा ऐलान किया है। कोरोना काल में शुरू हुई फ्री राशन योजना को होली तक बढ़ा दिया गया है। सीएम योगी के इस फैसले से यूपी के 15 करोड़ लोगों को फायदा मिलने वाला है। सीएम योगी ने फ्री राशन योजना के तहत गेहूं-चावल के अलावा दाल, तेल और नमक भी देने का फैसला किया है। दिवाली से ठीक एक दिन पहले अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव समारोह में भाग लेने पहुंचे सीएम योगी ने कहा कि कोरोना काल में शुरू की गई ढटखड मुफ्त राशन योजना को होली तक बढ़ा दिया है।



उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ प्रदेश के करीब 15 करोड़ लोगों को हर महीने मिलेगा। साथ ही सीएम योगी ने कहा, फ्री राशन योजना में मिलने वाला गेहूं और चावल के साथ-साथ अब दाल, तेल और नमक भी बांटा जाएगा। दिवाली पर सीएम योगी की इस घोषणा से लोगों में खुशी है।

आपको बता दें कि कोरोना काल के दौरान शुरू हुए राशन वितरण में 122 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न बांटा गया। यूपी सरकार की ओर से 2339556.740 मीट्रिक टन व पीएमजीकेएवाई में 9853889.085 मीट्रिक टन राशन बांटा जा चुका है। प्रदेश में करीब 33705755 राशन कार्ड धारक हैं। प्रदेश सरकार ने 80 हजार कोटेदारों के माध्यम से राशन हर गरीब व बेसहारा लोगों तक राशन पहुंचाने का काम किया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत चार चरणों में राशन वितरण किया गया। इसमें प्रथम चरण में अप्रैल से जून 2020 में 140603565 लाभार्थियों को 2085003 मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित किया गया। इसी तरह दूसरे चरण में जुलाई से नवंबर 2020 में 3536373.863 मीट्रिक टन गेहूं व चावल का वितरित किया गया। तीसरे चरण मई व जून 2021 में 14 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 1413984.816 मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित किया गया। सरकार की ओर से जुलाई से अक्तूबर में अब तक 96 प्रतिशत लाभार्थियों तक फ्री राशन पहुंचाने का काम किया। चार महीने में सरकार की ओर से 2818527.091 मीट्रिक टन खाद्यान्न लोगों तक पहुंचाया। दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 31 साल पहले अयोध्या में रामभक्तों और कार सेवकों पर गोलियां चलाई गई थीं। जय श्रीराम का जाप करना और राम मंदिर के समर्थन में आवाज उठाना आपराध माना जाता था। उन्होंने कहा कि अगली बार जब कार सेवा होगी, तो भगवान राम और भगवान कृष्ण के भक्तों पर गोलियों की नहीं बल्कि फूलों की बारिश की जाएगी। राम मंदिर निर्माण को लेकर सीएम योगी ने कहा कि 2023 तक पूरा कर मंदिर का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

## भारत की स्वदेशी कोरोना वैक्सीन कोवैक्सीन को डब्लूएचओ से मिली हरी झंडी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्वदेशी कोरोना वैक्सीन कोवैक्सीन को विश्व स्वास्थ्य संगठन (हलड) की तकनीकी समिति ने इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी देने की सिफारिश कर दी है। जिसके बाद डब्ल्यूएचओ ने कोवैक्सीन को मंजूरी दे दी है। बुधवार को हुए डब्ल्यूएचओ की तकनीकी समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया है। बता दें कि पिछले हफ्ते डब्ल्यूएचओ ने कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक से अतिरिक्त जानकारी मांगी थी। आपातकालीन उपयोग सूची (एवछ) के लिए तकनीकी सलाहकार समूह एक स्वतंत्र सलाहकार समूह है जो डब्ल्यूएचओ को सिफारिशें प्रदान करता है कि क्या कोविड -19 वैक्सीन को आपातकालीन उपयोग के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है या नहीं। बता दें कि कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने अपने टीके की इमरजेंसी इस्तेमाल उपयोग की मंजूरी के लिए 19 अप्रैल को डब्ल्यूएचओ के समक्ष आवेदन दिया था। अब तक, डब्ल्यूएचओ ने छह टीकों को मंजूरी दी है जिसमें फाइजर/बायोएनटेक की कोमिरनेटी, एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड, जॉनसन एंड जॉनसन की वैक्सीन, मॉडर्ना की एमआरएनए-1273, सिनोफार्म की बीबीआईबीपी-कोरवी और सिनोवैक की कोरोनावैक शामिल हैं अब कोवैक्सीन सातवां टीका होगा।

डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि दुनिया भर के नियामक विशेषज्ञों से बने तकनीकी सलाहकार समूह ने यह निर्धारित किया है कि कोवैक्सीन कोविड से सुरक्षा के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों को पूरा करती है। वैक्सीन का लाभ जोखिम से कहीं अधिक हैं और टीके इस टीके का उपयोग दुनिया भार में किया जा सकता है। वहीं, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए कोवैक्सीन से संबंधित डेटा अपर्याप्त हैं। टीका निमार्ता भारत बायोटेक ने बुधवार को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने उसके कोविड-19 टीके कोवैक्सीन के इस्तेमाल के लिए उपयुक्त होने (शेल्फ लाइफ) की अवधि बढ़ाकर निर्माण की तारीख से 12 महीने तक कर दी है। भारत बायोटेक ने ट्वीट किया, सीडीएससीओ ने इस्तेमाल के लिए कोवैक्सीन के उपयुक्त होने की अवधि निर्माण की तारीख से 12 महीने तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।

# दुनिया का सबसे बड़ा कायर, धोखेबाज, रोंदू बच्चा, दगा हुआ कारतूस... सिद्धू ने कैप्टन को क्या नहीं कहा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने बुधवार को एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह पर निशाना साधते हुए उन्हें धोखेबाज, रोंदू बच्चा और कायर बताया। इतना ही नहीं सिद्धू ने पूर्व मुख्यमंत्री को दगा हुआ कारतूस, और निराशा से भरा हुआ भी करार दिया। सिंह ने एक दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर अपनी नई पार्टी लोक पंजाब कांग्रेस का ऐलान किया था, जिसके बाद सिद्धू ने सिंह पर हमला बोला है। इस बीच, पंजाब के मंत्रियों परगट सिंह और अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने भी अपनी नई पार्टी बनाए जाने और कथित तौर पर भाजपा के निकट होने को लेकर



पूर्व मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे इस्तीफे में सिंह की ओर से अवैध रेत खनन में लिप्त विधायकों की पोल खोलने की ओर संकेत किए जाने पर सिद्धू ने अमृतसर में संवाददाताओं से कहा, क्या वह इतने वर्षों से सो रहे थे? उन्होंने पूछा कि अगर सिंह के शासनकाल में माफिया था तो पैसा कौन कमा रहा था? सिद्धू ने अमरिंदर सिंह को दुनिया का सबसे बड़ा कायर करार देते हुए सवाल उठाया कि अगर कुछ गलत होने के बारे में उन्हें जानकारी थी तो उन्होंने कार्रवाई क्यों नहीं की? एक सवाल के जवाब में सिद्धू ने कहा, मैं एक दगे हुए कारतूसों के बारे में बात नहीं करना चाहता। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, वह एक धोखेबाज व्यक्ति हैं। वह एक रोंदू बच्चा बन गए हैं। ऐसा कहा जाता है कि जब व्यक्ति की उम्र बढ़ती है तो वह बच्चा बन जाता है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब की जनता अब पूर्व मुख्यमंत्री से नफरत करती है। सिद्धू ने दावा किया कि उन्होंने कभी पद का लालच नहीं किया और हमेशा पंजाब के हित के साथ खड़े रहे। सिद्धू ने कहा, मैंने हमेशा पंजाब को चुना। सिद्धू ने मंगलवार को हुई विधायकों की बैठक का भी जिक्र किया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि नीतियां दो महीने के लिए नहीं बल्कि 5 सालों का रोडमैप हैं। इस बीच, राज्य के खेल और शिक्षा मंत्री परगट सिंह ने अमरिंदर सिंह की नई पार्टी पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, उनकी पार्टी ना तो पंजाबियों के लिए है, ना ही लोक के लिए और निश्चित तौर पर कांग्रेस तो नहीं ही है। परिवहन मंत्री वारिंग ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने सिद्धू पर पाकिस्तान की यात्रा के दौरान वहां के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख से गले मिलने का जिक्र किया है।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।
**मुद्रक/प्रकाशक**
स्वामी श्री योगी सत्यम
पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।
आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025

## पाकिस्तान के एफ-16 विमान को मार गिराने वाले अभिनंदन वर्धमान का प्रमोशन, आईएएफ में मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान का प्रमोशन हो गया है। उन्हें अब ग्रुप कैप्टन बनाया गया है। पाकिस्तानी फाइटर जेट एफ-16 के साथ डॉग फाइट करने वाले अभिनंदन को शौर्य चक्र से नवाजा जा चुका है। अभिनंदन ने बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देते हुए अमेरिकी एफ-16 को मार गिराया था। सूत्रों ने बताया कि एयरफोर्स के बहादुर अधिकारी का प्रमोशन हो गया है।

## मचेगी भगदड़, असम उपचुनाव में करारी हार पर बोले कांग्रेस सांसद रिपुन बोरा, पार्टी को दी नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम में विधानसभा की 5 सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। खाली हाथ रह गई पार्टी को अब अपने ही वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रिपुन बोरा ने आत्मनिरीक्षण की नसीहत दी है। बोरा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी को करारी हार पर गंभीर और सार्थक आत्ममंथन करने की जरूरत है। बोरा ने यह भी कहा कि उन्हें जानकारी है कि असम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता पार्टी छोड़कर बीजेपी या टीएमसी में शामिल होने की तैयारी में हैं। बोरा ने यहां पत्रकारों से कहा, ''कांग्रेस के लिए यह बहुत जरूरी हो गया



है कि वह उपचुनावों के नतीजों पर गंभीर और सार्थक आत्मचिंतन करे।'' असम में बीजेपी ने 3 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की तो वहीं 2 विधानसभा सीटों पर उसकी सहयोगी यूनाइटेड पीपल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) ने कब्जा किया। कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी।

जिन तीन सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की है, उनमें से दो पहले कांग्रेस नेताओं सुशांत बोरगोहेन और रूपज्योति कुर्मी के पास थी। इन्होंने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया था। दोनों को बीजेपी ने टिकट दिया और ये उपचुनाव जीत गए। बोरा ने कहा कि उपचुनाव के नतीजों के विश्लेषण से पता चलता है यह कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत चौंकाने वाला और विनाशकारी हार है। सांसद ने यह भी कहा कि उपचुनाव के नतीजे आमतौर पर सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में जाते हैं और यह 2016, 2017 और 2019 में छह विधानसभा सीटों पर हुए नतीजों में भी दिखा जब वह असम प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष थे।

## तालिबान को अबतक का सबसे बड़ा झटका, क्र ने मेन कमांडर को मार गिराया, पाक के गुलाम हक्कानी की टूटी कमर

**काबुल (एजेंसी)।** आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अफगानिस्तान में वापसी करने वाले तालिबान की नाक में दम कर दिया है। जब से अफगान में तालिबानियों का राज हुआ है, तब से इस्लामिक स्टेट ने हमले तेज कर दिए हैं। मंगलवार को तालिबान राज में पाकिस्तान के इशारों पर नाचने वाले आतंकी संगठन हक्कानी नेटवर्क को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब काबुल हमले में उसका खास कमांडर मारा गया। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि काबुल में इस्लामिक स्टेट द्वारा हुए हमले के जवाबी कार्रवाई के दौरान मारे गए



तालिबान के सैन्य कमांडरों में हमदुल्ला मुखलिस भी शामिल था, जो हक्कानी नेटवर्क का काबुल कमांडर था। हक्कानी नेटवर्क का अहम सदस्य और बद्री कोर के विशेष बलों का सीनियर अधिकारी हमदुल्ला मुखलिस तालिबान की अफगान में वापसी के बाद से मरने वाला सबसे सीनियर और अहम शख्स है। तालिबान मीडिया अधिकारी ने कहा कि जब हमदुल्ला को सूचना मिली कि सरदार दाऊद खान अस्पताल पर हमला हो रहा है, तो काबुल कोर का कमांडर मौलवी हमदुल्ला (मोखलिस) तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और वहां इस्लामिक स्टेट के आतंकियों से लड़ाई में मारा गया।

तालिबानी अधिकारी ने बताया कि उसे रोकने की कोशिश की गई थी, मगर वह माना नहीं और मुस्कुराकर चल दिया। बताया जाता है कि काबुल पर कब्?जे के बाद अशरफ गनी के कार्यालय में सबसे पहले घुसने वाला शख्स हमदुल्ला ही था।

## पोलैंड में गर्भवती महिला की मौत के बाद कानून पर विवाद



**दिल्ली (एजेंसी)।** पोलैंड में लगभग पूरी तरह अबॉर्शन पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून के कारण हुई पहली संभावित मौत के बाद देशभर में प्रदर्शनकारी गुस्से में हैं. हालांकि सरकार ने इन दोनों बातों में संबंध होने से इनकार किया है.मंगलवार को पोलैंड की राजधानी वॉरसा में कॉन्स्टिट्यूशनल ट्राइब्यूनल के सामने प्रदर्शनकारियों ने मोमबत्तियां जलाकर प्रदर्शन किया. ये लोग पिछले साल लागू किए गए उस कानून का विरोध कर रहे हैं, जिसे यूरोप का सबसे सख्त अबॉर्शन कानून माना जाता है. हाल ही में एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था क्योंकि उसके गर्भ में द्रव्य की कमी थी. चिकित्सा अनाचार के मामलों की विशेषज्ञ वकील योलांटा बड्जोवस्का ने मीडिया को बताया कि डॉक्टरों ने उस महिला का अबॉर्शन करने के बजाय भ्रूण के मर जाने का इंतजार किया. बाद में उस महिला की मौत हो गई. तस्वीरों मेंः मेरा शरीर मेरी मर्जी सोमवार को कुछ प्रदर्शनकारियों को टीवी सीरीज हैंडमेड्स टेल' जैसे लाल चोगे पहने देखा गया था।